वर्ष-10, अंक-165
इन्दौर, गुरुवार
12 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

चाणक्य नीति

हम अपना हर कदम फूंक फूंक कर रखे. हम छाना हुआ जल पिए. हम वही बात बोले जो शास्त्र सम्मत है. हम वही काम करे जिसके बारे हम सावधानीपूर्वक सोच चुके है.

-चाणक्य

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की केंद्रीय मंत्री श्री शाह से भेंट

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से साँची दुग्ध संघ का होगा उन्नयन

प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ हुआ त्रि-पक्षीय एमओयू

भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से उनके कार्यालय नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर प्रदेश के सहकारिता संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में उन्नति कर रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि गत दिवस राज्य शासन द्वारा दुग्ध संघों के प्रबंधन और संचालन आगामी पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से किए जाने पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस समझौते से लगभग 11 हजार गांवों के पशुपालक और दुग्ध-उत्पाद किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्रदेश सरकार सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में इन 11 हजार गांवों में बहुउद्देशीय सहकारी संस्थाओं का गठन करेगी। डॉ. यादव ने अवगत कराया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से साँची दुग्धसंघ का उन्नयन होगा। साँची ब्रांड को और बेहतर बनाया जायेगा। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के बाद दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है। प्रदेश में प्रतिदिन साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन हो रहा है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता के मामले में मध्यप्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। जहां देश में प्रति व्यक्ति 459 ग्राम दूध प्रतिदिन की उपलब्धता है वहीं मध्यप्रदेश में यह 644 ग्राम है। अगले पांच वर्ष में प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके लिए सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने और किसानों एवं पशुपालकों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य होगा। प्रदेश के करीब चालीस हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगे। वर्तमान में 10 से 15 हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन की स्थिति संतोषजनक है। शेष ग्रामों में विभिन्न उपायों से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड देश में दुग्ध सहकारिता के विस्तारीकरण, सुदृढ़ीकरण, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध विपणन, तकनीकी सलाह, दुग्ध प्रसंस्करण, पशु प्रजनन, पशुपालन से संबंधित आधुनिकतम तकनीकी परामर्श इत्यादि कार्य करती है। मध्यप्रदेश में पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध एकत्रीकरण की क्षमता को बढ़ाने व प्र-संस्करण एवं वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ हुई बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के द्वारा सहयोग दिए जाने पर सहमति दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने प्रदेश शासन के इस नवाचार की सराहना की और इस दिशा में पूरे प्रदेश में काम करने का सुझाव दिया। श्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में केंद्र सरकार द्वारा से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि इस निर्णय से प्रदेश के दुग्ध-उत्पादक किसानों की संपन्नता के साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। किसानों को कृषि आधारित उद्योगों के लिए न केवल कच्चे माल बल्कि उनके उत्पादो पर भी पूरी भागीदारी होगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री शाह को मध्यप्रदेश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संभाग स्तर पर आयोजित किए जा रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार द्वारा सोयाबीन की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए जाने के निर्णय के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

त्रि-पक्षीय एमओयू के मुख्य बिन्दु

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, मध्यप्रदेश पशुपालन और स्टेट डेयरी को-ऑपरेटिव फेडरेशन के बीच त्रि-पक्षीय समझौता हुआ। डेयरी सहकारी समितियों के माध्यम से सहकारी कवरेज का विस्तार किया जायेगा। कृषक प्रशिक्षण एवं सहकारी डेयरी कवरेज में वृद्धि के लिये सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीकृत किसान उत्पाद संगठनों, स्व-सहायता समूहों और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों(M-PACS) को शामिल करेंगे। दुग्ध संकलन, परिवहन और प्र-संस्करण के विभिन्न चरणों में गुणवत्ता सुधार करेंगे। मौजूदा बुनियादी ढाचे का इष्टतम उपयोग, संयंत्र प्रौद्योगिकी उन्नयन और एण्ड-टू-एण्ड डिजिटलीकरण करेंगे। अन्य राज्यों में विपणन और विदेशों में निर्यात के लिये नीतिगत सुझाव सहित दूध और दुग्ध उत्पादों की बाजार में विपणन गतिविधियों का सुदृढ़ीकरण करेंगे। मानव संसाधनों की पद स्थापना एवं क्षमता निर्माण किया जायेगा। डेयरी सहकारी समितियों के लिये चुनाव प्रक्रिया में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया जायेगा। ग्वालियर और जबलपुर का दुग्ध संघ का पुनरुत्थान एवं जबलपुर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र के पुनर्गठन और जबलुर संभाग के लिये पुनर्गठित जबलपुर दुग्ध संघ और शहडोल और रीवा संभाग के लिये नये रीवा-शहडोल दुग्ध संघ की स्थापना के लिए नीतिगत सुझाव संबंधी सहमति बनी।

पाकिस्तान में कांपी धरती, करीब छह की तीव्रता का आया भूकंप

इस्लामाबाद (एजेंसी)। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पाकिस्तान में बुधवार दोपहर 12.58 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आने के बाद दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पंजाब के अमृतसर से 415 किलोमीटर दूर पश्चिम में था। पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई है। इसका केंद्र जमीन से 33 किलोमीटर गहराई में था।

हाईकोर्ट ने 4 आतंकियों की फांसी को उम्रकैद में बदला

पटना (एजेंसी)। 7 अक्टूबर 2013 को पटना के गांधी मैदान में नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली में सीरियल ब्लास्ट करने वाले 4 आतंकियों को पटना हाई कोर्ट ने फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। इससे पहले पटना सिविल कोर्ट ने सभी 6 आरोपियों में से 4 को फांसी और 2 को उम्रकैद की सजा सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने बाकी 2 दोषियों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। दरअसल आरोपियों ने निचली अदालत के फैसले को पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस संबंध में पटना के गांधी मैदान थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। 31 अक्टूबर 2013 को एनआईए ने केस अपने हाथ में ले लिया था। कोर्ट ने बुधवार को दोषी इम्तियाज आलम, हैदर अली, नुमान अंसारी और मोजिबुल्ला अंसारी की फांसी की सजा में बदलाव कर दिया। जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया। दोषियों के वकील इमरान घानी ने बताया कि 'अपील पर सुनवाई करते हुए 4 दोषियों को आजीवन कारावास (30 साल) की सजा सुनाई है, जबकि 2 दोषियों के लिए निचली अदालत के फैसले को सुरक्षित रखा है।

कानपुर में हाईवे पर फेंकी महिला की सिरकटी न्यूड बॉडी

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर-दिल्ली हाईवे पर गुजैनी के सामने बुधवार तड़के में एक महिला की न्यूड डेड बॉडी मिली। हत्यारों ने हत्या के बाद महिला की शिनाख्त छिपाने के सिर भी काट लिया। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और फोरेंसिक टीम समेत कई अफसर मौके पर जांच करने पहुंचे हैं। जघन्य हत्याकांड का खुलासा करने के लिए कई टीमों को लगाया गया है। नग्न अवस्था में शव और सिर कटा होने से रेप या फिर गैंगरेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है।

आप नेता अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 तक बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी।

राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा जारी समन पर वे पेश हुए थे। सीएम केजरीवाल और हिरासत में लिए गए अन्य आरोपियों को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। विनोद चौहान को निजी तौर पर पेश किया गया। इससे पहले 5 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी शीर्ष अदालत में केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव का बड़ा एलान, कहा –

हमारी सरकार बनने पर मुफ्त में देंगे 200 यूनिट बिजली

पटना (एजेंसी)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम बिहार वासियों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता बिजली के महंगे बल देते देते थक चुकी है। इसलिए हमलोगों ने यह तय किया है कि जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी ताकि उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन भाजपा और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। बिहार की जनता महंगी बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है।

बिजली गिरने से तीन की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। एएसपी ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की सूचना राजस्व अधिकारियों को दे दी गई है, ताकि पीड़ित परिवारों को इस प्राकृतिक आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद दिए जाने की कार्रवाई हो सके। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड स्थित ललितपुर जिले के एक गांव में मंगलवार शाम को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से खेत में फसल काट रही दो महिलाओं और एक पुरुष समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री बृजभूषण सिंह से डरते हैं: फोगट

चंडीगढ़ (एजेंसी)। राजनीति में आते ही विनेश फोगाट ने बड़े खुलासे किए। उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर निशाना साधा। विनेश फोगाट ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी ने धरने पर बैठे उन जैसे पहलवानों की बात इसलिए नहीं सुनी क्योंकि, वह बृजभूषण से डरते हैं। पेरिस ओलंपिक में डिसक्वालिफाई होने के बाद खाली हाथ लौटीं विनेश फोगाट ने राजनीति के अखाड़े में एंट्री कर ली है। विनेश कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा के जुलाना से चुनाव में उतरी हैं। राजनीति में आते ही विनेश फोगाट ने बड़े खुलासे किए। उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर निशाना साधा। विनेश फोगाट ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी ने धरने पर बैठे उन जैसे पहलवानों की बात इसलिए नहीं सुनी क्योंकि, वह बृजभूषण से डरते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम ने एक इंटरव्यू के दौरान विनेश फोगाट से सवाल किया कि, बृजभूषण सिंह आपके खिलाफ हैं, लगातार बयान दे रहे हैं।

हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

तेहरान, (एजेंसी)। गाजा के रफाह क्षेत्र में एक इज़रायली हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। इसकी जानकारी बुधवार को मीडिया ने दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, तीन इज़रायली नागरिकों की मौत हो गयी और अन्य आठ घायल हो गये, जिसमें से चार लोगों की हालत

भाजपा में बगावत जारी...

दूसरी सूची आते ही कई और नेता हुए बागी; सात नेताओं ने छोड़ा कमल का साथ

चंडीगढ़ (एजेंसी)। भाजपा की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी के कई और नेताओं ने बगावत कर दी है। युवा नेता देवेंद्र कादियान को टिकट नहीं मिलने पर भाजपा पर 100 करोड़ रुपये देकर टिकट देने का आरोप लगाया।

भारतीय कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कादियान ने फेसबुक पर लाइव पर आकर पार्टी छोड़ने और आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का एलान किया। कादियान के अलावा पार्टी के छह और नेताओं ने भी भाजपा छोड़ने का एलान किया। इनमें असंध के पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के अंबाला जिला प्रभारी सोनू हरयौली, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सत्यव्रत शास्त्री, हरियाणा विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, रेवाड़ी से भाजपा नेता सतीश यादव और नारनौल से पूर्व जिला प्रधान व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार मेहता ने भी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। तीन बागियों को आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार बना मैदान में उतार दिया। दूसरी ओर, करनाल की पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने समर्थकों संग बैठक की। बैठक में 31 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी बुधवार दोपहर निर्णय लेगी कि रेणु निर्दलीय लड़ेंगी या पार्टी में ही रहेंगी। भाजपा छोड़ने वाले देवेंद्र कादियान गन्नौर से टिकट मांग रहे थे। भाजपा ने यहां से देवेंद्र कौशिक को टिकट दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 100 करोड़ रुपये में टिकट दिया है। टिकट कटने के मामले में उन्होंने त्रिपुरा के एक नेता पर भी आरोप लगाए। कादियान ने कहा कि देवेंद्र कौशिक और उनके भाई पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने सोनीपत के लोकसभा प्रत्याशी रहे मोहन लाल बड़ौली का चुनाव में विरोध किया और पार्टी ने उन्हें ही टिकट थमा दिया। उन्होंने कहा कि वह 12 को वर्करों संग जनसभा कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरेंगे। उधर, भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा में टिकट रुपये देकर नहीं लिया जा सकता। आरोप सरासर गलत है। टिकट का फैसला संगठन व राष्ट्रीय नेतृत्व का है। कुछ कार्यकर्ता नाराज हुए हैं, उन्हें मना लिया जाएगा। गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने टिकट न मिलने पर कहा कि पार्टी का फैसला सर्वोपरि है। टिकट न मिलने से कोई नाराजगी नहीं है। वह भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक की मदद करेंगी। टिकट खरीदने या बेचने के आरोप में दम नहीं है।

संपादकीय

विश्वास की कड़ी टूटते ही मणिपुर में हिंसा

एक बार फिर मणिपुर हिंसा की आग में झुलस रहा है। पिछले 11 दिनों में 8 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों ही समुदाय एक दूसरे के ऊपर हमला कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी मणिपुर के मुख्यमंत्री और राज्यपाल का इस्तीफा मांग रहे हैं। स्कूली छात्र अब इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं। स्कूली छात्रों ने इंफाल में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला कर दिया। मणिपुर का राजभवन भी अब सुरक्षित नहीं रहा। यहां पर आंदोलनकारियों द्वारा पथराव किया जा रहा है। स्थानीय नागरिक कुकी हों या मेतई, दोनों ही ड्रोन और रॉकेट के हमलों से भयभीत हैं। राज्य सरकार दोनों ही समुदाय को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। केंद्र सरकार ने 50000 से अधिक सुरक्षाबल मणिपुर में तैनात कर रखा है। वह भी कुकी और मेतई समुदाय का विश्वास नहीं जीत पाई है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ अब मैतई समुदाय में भी भारी रोष देखने को मिल रहा है। स्कूली छात्रों ने अपनी छह सूत्री मांगों को रखा था। जिस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया न देते हुए, छात्रों को टाल दिया। इससे छात्रों का गुस्सा भड़क गया है। छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। मेतई संगठनों ने सरकारी कार्यालय में अपना झंडा फहरा दिया। आंदोलनकारियों का कहना है, सुरक्षा सलाहकार और डीजीपी राज्य में शांति स्थापित करने में असफल रहे हैं। आंदोलनकारी उन दोनों के साथ, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी हटाने की मांग कर रहे हैं। 16 महीने से मणिपुर में हिंसा चल रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट सभी ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किया। मणिपुर की देश और विदेशों में चर्चा हो रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। इसके बाद भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो पा रही है। इसका मूल कारण हाईकोर्ट के आरक्षण पर दिए गए निर्णय के बाद से, मणिपुर घाटी सुलग रही है। आरक्षण विवाद की चिंगारी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने लगाई थी। आरक्षण के मुद्दे पर मेतई समुदाय का समर्थन प्रारंभ में मणिपुर के मुख्यमंत्री को मिल रहा था। लेकिन अब मेतई समुदाय भी उनसे नाराज है। मुख्यमंत्री के होते हुए इस समुदाय को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह मैतई समुदाय की रक्षा नहीं कर पाए। लाखों की संख्या में मेतई समुदाय की महिलाएं और बच्चे परेशान हैं। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनसुईया उइके दोनों ही समुदाय के बीच विश्वास की कड़ी बनी थीं।

चिंतन-मनन

क्या हैं आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है, वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सदगुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम

अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं। सड़क का भिखारी हो सकता है कि पैसा, भोजन या आय माँग रहा हो। राजा हो सकता है कि किसी दूसरे राज्य पर विजय, खुशी या कुछ इस तरह की अनर्गल चीजें माँग रहा हो। क्या तुम देखते हो, हर व्यक्ति किसी न किसी चीज की भीख माँग रहा है- गौतम बुद्ध ने केवल अपने भोजन के लिए भिक्षा माँगी, शेष चीजों के लिए वे आत्मनिर्भर थे। दूसरे सभी लोग, बस एक ही चीज के लिए भीख नहीं माँगते, अपना भोजन भीख में नहीं माँगते, बाकी सभी चीजों के लिए भीख माँगते हैं। उनका पूरा जीवन ही भीख माँगना है। केवल भोजन अर्जित करते हैं। लेकिन एक आध्यात्मिक व्यक्ति, केवल भोजन के लिए भिक्षा माँगता है, अन्य सभी चीजें अपने भीतर से अर्जित करता है। जिस भी तरह से रहना तुम बेहतर मानते हो, उसी तरह से रहो।

संस्मरण

वो दिन विदाई के

चारों तरफ तालियों की आवाजें गूंज रही थी, दीवारें वीरान थी, सांसें थमी थी और होठों पर झूठे मुस्कान थी, तभी अचानक 6 फीट लंबे कद वाले सफेद लिबास में एक व्यक्ति गाना गाते नजर आ रहे थे, उनकी आवाज अद्भुत थी प्रेरणादायक थी न जाने के दुख थे न बिछड़ने की चिंता, लेकिन यह क्या अपने अंदर की गहराइयों को जल्दी छुपा लिया ऐसा लगा मानो वह बहुत कुछ छोड़ कर जा रहे हैं . उसके लफ्ज उनके साथ नहीं दे रहे थे, शायद वह बहुत कुछ कहना चाह रहे थे, पर कुछ बातों में खो गए। अपने अनुभव के दौरान उन्होंने कुछ बातें ऐसे कह गए, जो उसके जिंदगी से जुड़े थे . वह गहराई जो आज तक उनके अंदर किसी ने न देखा था, न किसी ने समझा था . उन्होंने अपनाएं गए जीवन की बहुत अनुभव को बताते गए और उनके अनुभव से पता चलता है कि हमारे फादर जिंदगी के गहराइयों से उभर के आज एक चमकता सितारा बने हैं . एक ऐसा व्यक्ति जिसने बिन मां- बाप के बच्चे का सहारा बना, उनकी पूरी जिम्मेदारी उठाएं . मनुष्यता और इंसानियत का जीवन की कठिन परिश्रम, मेहनत और ईमानदारी से अपनी सफलता प्राप्त किए हैं . एक चिंतनशील व्यक्तित्व का निर्माण किया है . दिखने में कठोरता जरूर है, पर अंदर से उतने ही सरल स्वभाव . लोगों को समझने की शक्ति, दूरदर्शिता और प्रेरणादायक उनमें कूट-कूट कर भरी हुई है . अपने जीवन के उन अनुभूतियों को उन्होंने बताया जो बड़ी ही कठिनाइयों से उसने अपने जीवन का सामना किया था. यह फादर कोई और नहीं फादर बोनीफस है .और आज इनका विदाई समारोह है . फादर की वह पंक्ति जो जीवन की बहुत बड़ी बात कही गई, समझने वाले ने बहुत कुछ समझ लिया . आज पता चला एक गुमनाम जिंदगी के भीतर भी कई राज छिपे हैं . सफेद लिवास में दर्द बसे हैं, सब को छाया देने वाला खुद कितनी बरसात और गर्मी झेला है, इसका अंदाजा भी किसी को नहीं था . आज ईमानदारी, दया की प्रतिमूर्ति फादर का विदाई समारोह है . झूठी हंसी के साथ विदा करके भी हमारे आंखें भर आई. जिसने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा पर समर्पित कर दिए, ना जाने कितने लोगों को चमकते सितारे बनाएं, सबको आगे बढकर बाहें फैला कर अपनाने वाले, हमारे प्रधानाचार्य हमसे विदा ले रहे हैं .

एक दिन की बात है . मैं उलझन में थी, मुझे समझ नहीं आ रहा था, कि मैं अपने आप को फेस कैसे करूं ? क्या मैं सच में एक अच्छी शिक्षका का बन सकती हूं? तभी मुझे प्रधानाचार्य कार्यालय से बुलावा आया और फादर ने मुझसे कहा आज आपको इंटरव्यू लेने जाना है. पर मैं इतनी परेशान थी कि मुझे सुनाई दिया कि इंटरव्यू देने जाना है . मैं भी सोच लिया शायद मैं इसी लायक हूं ,इसलिए मुझे कहीं और भेजा जा रहा है. मैं तैयारी के साथ दूसरी स्कूल गई, जहां मुझे किसी का इंटरव्यू लेना था, मुझे वहां जाने के बाद पता चला मैं आश्चर्य थी, क्या मैं सच में लायक हूं? जो आज तक समझ नहीं पाई . मुझे निखरने का यह पहला अवसर था और मेरे गुण को तराशते मेरे अस्तित्व का पहचान कराया .

आंखों से छलकते आंसुओं में सारा दृश्य ओझल हो गया . लेकिन आंतरिक के आर्द्रता कम ना हुई, तभी अचानक से मुझे किसी ने आवाज लगाया . मैं जैसे ही स्टाफ रूम से बाहर आई, मैंने देखा विदाई समारोह तो कब का खत्म हो चुका है . और आज नए फादर के आगमन का तैयारी है ,पर न जाने अंदर से वह खुशी नहीं थी, जो होना चाहिए . लेकिन फादर के प्रेरणादायक बातें आज भी याद है . उसने सच ही कहा था कि हम तो मुसाफिर हैं आज यहां तो कल वहां।

ममता कुमारी
लोहंडिया बाजार,
बोआरीजोर, गोड्डा, झारखंड .

ब्लॉग

तरक्की और तरक्की के मायने ....

राजेंद्र बज

माना कि दुनिया ने बहुत तरक्की कर ली है, लेकिन बीते दौर में आदमी को समझदारी तो आते-आते ही आया करती थी। तब औसत उम्र 100 साल की मानी जाती थी। लेकिन अब तो आदमी 50 पार में ही लगभग भरपाया हो जाता है। वह दुनिया से कूच कर भी जाए तो अंतिम यात्रा के यात्री यह नहीं कहते कि अभी उम्र ही क्या थी ! आज भी छोटे-छोटे नगर, गांव और कस्बों में बड़े बुजुर्ग यह कहते हुए नहीं अघाते कि हमने दुनिया देखी है, लेकिन घर के छोटे-छोटे बच्चे दुनिया भर के ज्ञान के भंडार लैपटॉप और मोबाइल को अपनी उंगलियों से नचाया करते हैं।

इन दिनों बच्चे भी अब बच्चे कहां रह गए हैं ? बिना बचपन देखे ही वह बड़े होते जा रहे हैं। उनको किसी भी प्रकार से भरमाया नहीं जा सकता। उनका दिमाग चाचा चौधरी की तरह कंप्यूटर से भी आगे चला करता है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि बड़े बुजुर्गों को दुनिया देखने के लिए लंबे समय तक जीना पड़ा था। लेकिन आजकल के बच्चे अपने बचपन में ही दुनिया को मुट्ठी में करके चला करते हैं। इसके चलते उनका बचपन कहीं खो सा गया है। शायद कि इसी का नाम तरक्की है। लेकिन ऐसी तरक्की की हमने कितनी बड़ी कीमत चुकाई है, इस दर्द का एहसास कोई करें भी तो आखिर वह क्या कर लेगा ? आदमी की सोच ही ऐसी हो गई है कि उसे जमाने के साथ ही चलना है।

विकसित दुनिया जिस बात से अकता गई थी, उसे अपना कर हम अपने ही इतिहास से मुंह मोड़े हुए हैं। हम दुनिया को देखकर बदल रहे हैं और दुनिया हमारे गौरवशाली अतीत को अपनाने को आतुर है। क्या हुआ जो नजदीकी रिश्ते-नातों की मर्यादाएं तार-तार हो रही है ? आदमी की आंखों की शर्म जाने कहां पर जाकर डूब गई है ? क्या हुआ जो आदमी महज दुनिया भर के संसाधन जुटाने की दौड़ में ही जुटा हुआ है ? आदमी चाहे दुनिया भर की खबर रखता हो लेकिन वह अपने वालों से ही बेखबर रहा करता है। जीवन के अर्थ ही बदल गए हैं। भौतिक संसाधनों की दुनिया में डूब कर हर कोई यंत्रवत हुआ जा रहा है। और ...और .... और की चाहत आदमी को दीवाना बनाती चली जा रही है।

किसी दौर में किसी गांव का जमाई राजा समूचे अंचल का जमाई राजा हुआ करता था। घर-घर से उसे इस रिश्ते के नाते अतिरिक्त मान-सम्मान मिला करता था। लेकिन अब तो पड़ोसी को भी पड़ोसी की खबर नहीं है। लगातार विघटित होते परिवार, सिमटती नजदीकिया, अंतर्मुखी जीवन शैली और केवल और केवल स्वार्थपूर्ण रिश्तों का निर्वहन ही आम आदमी की चर्या में शुमार हो गया है। ऐसे में भला आजकल के बच्चों को हम किस स्वरूप में ढाल रहे हैं ? दरअसल बच्चों की मासूमियत से खिलवाड़ करने का आखिर दोष किस पर मढ़ा जाएं ? ऐसा नहीं है कि बच्चों की तेज रफ्तार को नियंत्रित करने की जरूरत है, दरअसल आधुनिकता में भी संस्कारों का बीजारोपण समय की मांग है।

श्रृंगार

कहानी

रंगोली बनाती बहु कृति से दादी जी बोली..

नीचे जमीन पर स्वस्तिक नहीं बनाते बहु। इनकी पूजा होती है। माता लक्ष्मी जी का प्रतिक मानते हैं

जी दादी मां कहकर कृति स्वस्तिक को मिघार दी।

उसकी जगह कृति माता लक्ष्मी का चरण बना दी। मोबाइल से फोटो लेने लगी ।

कृति की रंगोली और उसके चेहरे पर आई खुशी की मुस्कान देख दादी बलिहारी जा रही थी। झट्ट से उसकी बलाइयां लेकर कृति की बाएं हाथ की छोटी उंगली अपने दांतों से दबाकर दादी थुकथुका दी।

कृति मुस्कुरा दी

नज़र ना मेरी बहु को..!

दादी मां..! मजाल है आपके रहते किसी की नजर लगे मुझे

कित्ता सुंदर रंगोली बनाई है। अभी आएंगी न सारी महिलाएं देखना कितनी खुश होकर तुम्हारी तारीफ करेगी

चौड़े जड़ी बॉडर वाली सुखं लाल कांजीवरम की साड़ी,बड़ी सी मैचिंग गोल नग वाली बिंदी,नग जड़े लहठी से भरी कलाइयां,मैरून लिपिस्टिक, मांगटिका,रत्नजड़ित नेकलेश,जुड़े में मोगड़े का गजरा,मोती वर्क की चुनरी ओढ़े, हाथ में पूजा का थाल लिए छुम छुम करती जैसे नई नवेली दुल्हन हो।

कृति और दादी मां मंत्रमुग्ध अपलक देखती रह गईं संजना को..!

संजना.. कृति की सास।

अरे..ऐसे क्या देख रही हो..? जाओ..जाकर तैयार हुओ। आती ही होंगी सब पूजा के लिए।

तुमने अपनी सहेलियों को बोला है न आने के लिए..?

एलो आ गई महारानी...कोई भी पर्व त्योहार हो तीज हो इसे कोई लेना देना नहीं बस सजने संवरने के अलावा कुछ आता नहीं। दादी मां फुसफुसाई।

जी मम्मी जी.. कहा है, रोमा और शिवा मायके गई है तो सिर्फ रेवती आयेगी

अच्छा ठीक है..! साड़ी,श्रृंगार का समान और गहने रख दिए हैं तुम्हारे कमरे में। अब जल्दी से तैयार हो जाओ

जी मम्मी जी..बस पांच मिनट रोटी बनाना बाकी है बना लेती हूं फिर..

अरे वाह संजना..! बड़ी सुंदर लग रही है एक दम नई नवेली दुल्हन।

हां भई तभी तो भाई साहब छोड़कर अकेले कहीं जाते नहीं।

मेंहदी दिखा बहुत सुंदर गहरा रंग चढ़ा है ।

बहुत प्यार करते हैं भाई साहब,नज़र ना लगे हमारी संजू को..

सभी का सम्मिलित स्वर और ठहाकों से हॉल गूंज रहा था।

कितनी बार बोला है मैंने संजू न बोला करो.. इस नाम से मुझे सिर्फ़ मेरे पति बुलाते हैं। पर तुमलोग हो की...

तुम सबलोग उसकी ही तारीफ़ करती रहोगी या मेरी कृति की कला का भी करोगी..? ज़रा देखो तो कित्ता सुंदर रंगोली बनाई है। जबसे हमारे घर कृति आई है तबसे रंगोली बन रही है।पहले कोई बनाने वाला ही नहीं था।

अम्मा जी..!ताना मारने का कोई मौका नहीं छोड़ती आप।

अच्छा चलो ठीक है। तुम्हारी बहु किधर है संजना..? पूजा का मुहरत निकल जायेगा । संजना की सहेली पूछी।

दादी मां..! कृति दिखाई नहीं दे रही..? क्या अभी तक तैयार नहीं हुई..? आते ही रेवती ने प्रणाम करते हुए चुपके से फुसफुसा कर दादी से पूछी।

रसोई में है बेटा

ये क्या कृति..! तू अभी तक तैयार नहीं हुई..? सात बजे तक ही पूजा का मुहरत है।

भोजन बाद में भी बना सकती थी यार सब बन गया है बस दो रोटी और बनाना है। दादी मां का दवाई का वक्त साढ़े आठ बजे है उसके पहले उन्हें खाना होता है।

पापाजी और पतिदेव भी नौ बजे ऑफिस से आ जायेंगे आते ही पतिदेव को भूख लगती है।भोजन चाहिए होता है उन्हें भूख बर्दास्त नहीं होता। हाहाहा...

पूजा करते अगर देरी गई तो सोच जरा..? बस पांच मिनट समय और दे दे यार तुरंत तैयार हो जाऊंगी

रसोई के दरवाजे पर खड़ी संजना (सासु मां) सोच रही थी.. कितनी अच्छी है मेरी बहु सबका कितना खयाल रखती है सच में..! और एक मैं हूं..! सही कहती हैं अम्मा जी। मेरी बहु को किसी की नजर ना लगे। बलाईयां लेकर संजना हॉल में आ गई।

देख लो कृति बहु को...! यहां सास सोलह श्रृंगार में दुल्हन बनी बैठी है और तुम हो की साड़ी लपेट कर आ गई। अरे.. जरा काजल लिपिस्टिक तो लगा लेती।

नथिया ना सही.. टीका पहनने का अभी फैशन है।

कुमारी लड़की भी त्योहार शादी फंक्शन में खूब पहनती है। वही पहन लेती।

पति के लिए तीज का वर्त कर रही हो, गौरी माता का पूजा करोगी कम से कम पति की खुशी के लिए थोड़ा तो सजना संवरना चाहिए न कृति..?

एक एक करके संजना की सहेलियां बोल रही थी।

संजना (सासु मां) तिलमिला कर नरमी से बोली..

कृति बेटा..! सारा सामान तुम्हारे कमरे में पलंग पर मैं रख दी थी बेटा फिर भी तुमने..? खाना बनाने का समय था क्यूं है न..?

क्षमा चाहती हूं मम्मी जी..!

आंटी जी..! मेरा श्रृंगार मेरा पति है। मेरा परिवार और घर है । उनकी खुशी और सेहत का खयाल रखना ही मेरा सोलह श्रृंगार है।

सोलह श्रृंगार न करके भी यदि सच्चे मन से पूजा करूं तो भी भगवान स्वीकारेंगे। और कहां लिखा कि टीका नथिया पहन कर ही पूजा करनी चाहिए।

मैं जैसी हूं वैसी ही अच्छी लगती हूं उनको

इधर संजना मन ही मन सोच रही थी...अपनी खुशी के आगे मैं तो परिवार के बारे में कभी सोची ही नहीं। भोजन भी प्रायः होटल से ही मंगवा लेती थी। और पर्व त्यौहार पर.. घर में भोजन कभी बनाया ही नहीं। सही कहती है अम्मा जी सजने संवरने के अलावा मुझे कुछ नहीं आता..!

पापा जी और वो दोनों आ गए हैं। पानी देकर अभी आती हूं मम्मी जी..! तब तक आपलोग पूजा शुरू कीजिए।

रीता मिश्रा तिवारी

तुम्हारे लिए

हम ट्रेन में सफर कर रहे थे। हमारे सामने वाले बर्थ पर एक बेहद मोटी और थुलथुली औरत बैठी थी। उसके हाथ तो भरी भरकम थे ही उसके चेहरे पर भी काफी मांस चढ़ा था। नाक बेढब थी, तो आंखें छोटी। कान तो दिख ही नहीं रहे थे। लब्बोलुआब यह था कि वह औरत बेहद बदसूरत नजर आ रही थी। वैसे उसकी उम्र बहुत नहीं थी। हम जब भी उसकी तरफ देखते तो अगले ही पल भन्नाते हुए उसकी तरफ से मुंह फेर लेते। हम सोचते, एक पल के लिए उसे हम नहीं झेल पा रहे हैं तो उसके अपने उसे कैसे बर्दाश्त करते होंगे। खैर रात हुई तो हम सो गए। सुबह हमारी नींद खुली तो हमने देखा वह औरत सुबह-सुबह उठकर बड़े प्रेम से अपना श्रृंगार कर रही है। हमने सोचा, यह क्या रही है? इसके चेहरे पर भला श्रृंगार क्या चढेगा ? यह तो और भी बदसूरत हो जाएगी। यह किसके लिए सज रही है ? यहां कौन है जो इसकी अजीब सूरत को देखे ? ऐसे सवाल हमारे मन में उठ ही रहे थे कि तभी हमारा गंतव्य आ गया। हम नीचे उतर गए। उस औरत का भी वही गंतव्य था। वह भी अपना सामान लेकर नीचे उतरी। हमने सोचा, इसे भला लेने कौन आया होगा। लेकिन हमारा अनुमान गलत था। उसका पति उसे लेने आया था। अब हमें कौतुहल होने लगा कि देखें कि उसका पति 'इस नवेली दुल्हन%ः पर क्या प्रतिक्रिया देता है। मगर हम हैरान रह गए ! उसका पति उसे एकटक देखता रहा। उसने कहा, ÷प्रिये, तुम क्या खूब लग रही हो। मैंने तुम्हें बहुत मिस किया। आई लव यू !÷ और उसने बड़े प्यार से उस औरत को आलिंगनबद्ध कर लिया। संयोग से उसकी आंखें हमसे टकराईं। वह गर्व महसूस करते हुए मुस्कुरा रही थी। यह देख, हमारी आंखें में ढेर सारा शर्म समा गया।

ज्ञानदेव मुकेश, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना -800013

हिंदी पखवाड़े के मोर्चे पर हिंदी सर

व्यंग्य

अरण्यरोदन

वे हिंदी के रेग्युलर अध्यापक होने के बाद भी गजब के अंग्रेजीबाज हैं। पहनावे से लेकर बकरावे तक। या यों कहें कि अंग्रेजी उनके हिंदी वाले बदन की खुजली है, दाद है, जिसका ईलाज इस जन्म में मुझे तो कम से कम किसी भी तरह के खारिश लोशन से होता नहीं दिखता।

भले ही हिंदी सर इनकम टैक्स देते हों। बावजूद इसके वे अपनी कार में सरकारी राशन की दुकान का आटा, चावल, दाल नमक लाना हर महीने नहीं भूलते। ति क्या हो गया जो वे चने की दाल वहां से ले उसका बेसन पिसवा पचास बचाते हों। पिछली बार हिंदी सर को सरकारी राशन की दुकान वाला उनसे पैसे ले नमक देना भूल गया था। जब घर आकर याद आया तो उन्हीं पांच सरकारी राशन की दुकान पर। जितने को वे वहां पहुंचे कोई और उनका नमक उठा नमक हलाल हो गया था। तब उन्होंने दुकानदार की वो ऐसी तैसी की, वो ऐसी तैसी की कि उसने एक नमक पैकेट के बदले उन्हें दूसरा फ्री में देकर अपनी जान बचाई। इसे कहते हैं अपने हक के लिए लड़ने वाला योद्धा। उनका मत है कि सरकारी कर्मचारी को या तो मुफ्त का या फिर सरकारी दुकान का ही राशन खाना चाहिए। इससे उसमें सरकारी संस्कार बने रहते हैं।

सबके सामने छींकें तो तो वे सॉरी करते ही हैं, पर हिंदी सर अकेले में भी जो साढ़े ग्यारह महीने छींक जाएं तो सॉरी कहना नहीं भूलते। इसे कहते हैं हिंदी संस्कारी का अंग्रेजी परिष्कार! साढ़े ग्यारह महीने वे अंग्रेजी के हुए रहते हैं स्कूल के बाहर भी। हिंदी के वैष मास्साब होने के बाद भी। जब तक वे अपने हिंदी के वाक्य में दो चार अंग्रेजी के शब्द नहीं बोल लेते उन्हें अपने हिंदी भाषी होने पर सगर्व संकोच होता है।

जब जब मुझे उनके साथ बाजार जाने का दुर्भाग्य नसीब हुआ है, बाजार की नाली पर सजी ताजी सब्जियां बेचते से कद्दू खरीदते सर हिंदी भी अंग्रेजी टोन में बोलते हैं। हिंदी हिंदी लहजे में बोलने में वह आनंद कहां जो अंग्रेजी टोन में बोलने में आता है। उनका कथन है कि इससे कम्युनिकेशन इम्प्रेसिव बनता है। और आप तो जानते ही हैं, आदमी इंप्रेशन बनाने के लिए क्या क्या ढोंग नहीं करता? तब उन्हें सब्जी वाला सिर से पांव तक निहारता है। जब उसे वे कहीं से भी अंग्रेज नहीं लगते तो अपना सिर खुजलाता हुआ उन्हें बेकार सा कद्दू तोलकर दे देता है। पर फिर भी वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आते।

जिसके पास अंग्रेजी के नाम पर कूड़ा कबाड़ हो, उसे अपनी हरकतों से बाज आना भी नहीं चाहिए। नहीं तो हिंदी की बास वाली जुराब में लिपटी हुई अंग्रेजी बुरा मान जाती है। बंदा माने या न !

इधर ज्यों ज्यों हिंदी पखवाड़ा नजदीक आ रहा है त्यों त्यों उनके अंग्रेजी के शब्द धारदार हिंदी लहजे के हो रहे हैं। हिंदी पखवाड़ा है भाई साहब! साल में एक ही बार तो आता है। साल भर हिंदी की खाने वालों को तो कम से कम पंद्रह दिन टूटी पूटी ही सही, हिंदी बोल ही लेनी चाहिए। इससे हिंदी की आत्मा को परम शांति तो नहीं, शांति सी जरूर मिल जाती है।

हिंदी सर जब हिंदी का वेतन ले रहे हैं, तो कायदे से दिखावे को ही सही पखवाड़ा भर तो हिंदी के होना ही पड़ेगा। वैसे भी हिंदी अब हिंदी मास्टरों की ही छाछ रह गई है। अंग्रेजी में हाथ तंग होने के चलते हिंदी कवियों की छपास रह गई है। शेष मक्खन तो बटर हो गया है। इसलिए आजकल वे हिंदी को अंग्रेजी टोन में ही बोल रहे हैं। शेष साल भर हिंदी में बात पर हिंदीनुमा अंग्रेजी बोलने की कोशिश करने वालों से और उम्मीद भी क्या की जा सकती है। इसलिए हिंदी हित में हिंदी के नाम पर साल भर अंग्रेजी में मौज करने वालो, पंद्रह दिन तो हिंदी में बोलना बनता है। उसके बाद तो अगर गलती से कहीं स्कूल में हिंदी से प्रमोट हुए प्रिंसिपल को हिंदी में आकस्मिक अवकाश का आवेदन दे दिया और उसे वे परे न कर दें तो कहना। इसलिए भाई साहब! मैं जब भी आकस्मिक अवकाश के लिए आवेदन करता हूं, अपने खास अंग्रेजी वाले फ्रेंड से ही लिखवाता हूं ताकि जनाब को हिंदी वाले से अंग्रेजियत की ही बू आए।

कल वे मिले! नमस्कार करने के बाद गले। अच्छा लगा। हिंदी की कोई खासियत हो या न, पर उसमें यह खासियत तो जरूर है कि वह गले लगवाती है, गले पड़वाती नहीं।

' और कैसे हो मित्र?'

' मैं आल इज बैल!' वे मेरे गले लगने के बहाने मेरा गला दबाते हिंदीमय हुए। ये हिंदी की खाने वाले जब जब अंग्रेजीमय होते हैं तो ऐसे क्यों हो जाते होंगे भला? उन्होंने बैल कहा तो मैं सचेत हुआ। बैल! वैसे हमारे यहां बैलों के सिवाय और कोई दूसरा है भी नहीं। हर कहीं अड़े हुए। हर किसीसे भिड़े हुए। मैंने इधर उधर देखा! कहीं मैं गली के कूड़े के ढेर के पास तो नहीं खड़ा हो गया हूं? यार ! आस्पास कहीं से तो बदबू तो आ नहीं रही। पर जब अपना बदन ही बदबूदार हो गया हो तो दूसरे कूड़े से बदबू कम ही आती है।

'और वो आपकी अगल वाले?'

'वे भी आल इज बैल!'

'और वे?'

'वे भी आल इज बैल! '

'और वो आपकी बगल वाले?'

'वे भी आल इज बैल!' मैं परेशान! यार! बंदे को क्या गया! मैं हिंदी सर से उनके आस पास वालों के हालचाल पूछी जा रहा हूं और वे हैं कि बैल! बैल! करी जा रहे हैं। जब सोचा तो मत पूछो उन पर कितना प्यार आया। गधे! सर अंग्रेजी हिंदी टोन में बोल रहे हैं। हिंदी पखवाड़े की तैयारी पर हैं जो हैं! उफ! हिंदी वालों को हिंदी पखवाड़े में हिंदी बोलने को कितनी तकलीफ झेलनी पड़ती है?

अशोक गौतम
गौतम निवास, अप्पर सेरी रोड़,
नजदीक मेन वाटर टैंक,
सोलन-173212 हि.प्र.

सिंहस्थ के कार्यों की निरंतर होगी समीक्षा : मुख्यमंत्री

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिसव कहा है कि प्रति 12 वर्ष में उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ प्रदेश के साथ ही राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। पूरे विश्व में इसकी गूंज होती है। सिंहस्थ के लिए राज्य सरकार तैयारियां प्रारंभ कर चुकी है। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए अनेक नए निर्माण कार्य भी होंगे। वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन भी किया जाएगा और उज्जैन में ठहरने, भोजन व्यवस्था और यातायात की दृष्टि से कई व्यवस्थाएं की जाएंगी। इन सभी कार्यों को शासकीय विभाग और अन्य उपक्रम तालमेल के साथ पूर्ण करने के लिए जुट जाएं। सड़क और रेल परिवहन सुविधाओं के विकास के साथ हवाई यातायात को भी प्राथमिकता देते हुए इसे दीर्घकालिक योजना में जोड़ा जाए। बैठक में इंदौर- उज्जैन मार्ग को सिक्स लेन बनाने, इंदौर- उज्जैन वैकल्पिक फोर लेन मार्ग (दूरी 49 किमी) सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंत्रालय में सिंहस्थ 2028 के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंहस्थ से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए की जा रही तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जाएगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी उपस्थित थीं। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ अधो-संरचना- 2028 कार्य योजना, पड़ाव क्षेत्र में टीपीएस के माध्यम से विकास, पार्किंग परिवहन प्रस्ताव और उज्जैन इंदौर मेट्रो परियोजना पर विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ सिर्फ उज्जैन का नहीं है। यह उज्जैन और इंदौर दोनों संभागों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश का प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन है। श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आगमन से अर्थ व्यवस्था को भी लाभ मिलता है। प्रदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन, इंदौर के साथ ही ओंकारेश्वर और महेश्वर जैसे स्थानों पर भी पहुंचते हैं। यहां आने वाले यात्री इस संपूर्ण अंचल का भ्रमण करते हैं। इसके अनुसार ही आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग के स्थान, घाट के जितने नजदीक होंगे उन्हें उतना ही कम से कम पैदल चलना पड़ेगा। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य संस्थाओं के परिसर के मैदान भी पार्किंग के लिये उपयोग में लिए जाएं। इसके लिए अभी से अध्ययन और सर्वेक्षण कर जरूरी कार्रवाई की जाए।

शहरी क्षेत्र में फोर लेन मार्ग के निर्माण को गति दी जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि उज्जैन में केडी गेट से वीर दुर्गादास की छतरी से गोंसा मार्ग की लंबाई पर फोर लेन मार्ग के निर्माण को गति देते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस प्रस्तावित मार्ग के बन जाने से गोपाल मंदिर और मुख्य शहरी भाग को सीधे जावरा, बड़नगर तथा काल भैरव की तरफ जाने के लिए नागरिकों को सुविधा मिलेगी। आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में उज्जैन में सदावल में हेलीपैड का निर्माण भी किया जा रहा है। तीर्थ-दर्शन योजना में आने वाले यात्री यहां आसानी से पहुंच कर इस मार्ग के बन जाने से सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। शहरी क्षेत्र को सीधे हेलीपैड से जोड़ने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आमजन को भविष्य में प्राप्त होने वाली सुविधा के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा उज्जैन-इंदौर मेट्रो के साथ ही अन्य रेल सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि रेल मंत्रालय से समन्वय के लिए पूर्व में परिवहन विभाग नोडल विभाग की भूमिका निभा रहा था। अब लोक निर्माण विभाग को यह दायित्व दिया गया है। श्री महाकालेश्वर (उज्जैन) से इंदौर मेट्रो परियोजना में दूरी 47 किलोमीटर और प्रस्तावित स्टेशनों की संख्या 8 है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने इसके लिए फिसीबिलिटी स्टडी की है।

अनंत चतुर्दशी चल समारोह के लिए झांकियों के निर्माण में दिन रात लगे कलाकार

अखाड़ों में हैरतंगेज प्रदर्शन के लिए कलाकारों का जोर शोर से अभ्यास

इंदौर। जहां एक ओर शहर में चारों ओर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है, वही प्रतिवर्षानुसार इस बार भी अनंत चतुर्दशी पर नयनाभिराम झांकियां निकालने के लिए बंद हो चुकी कपड़ा मिलों में बन रही है। भले मिले बंद हो गई, पर परंपरा के उत्सव को जीवंत रखने के लिए कलाकार भी दिन रात झांकी निर्माण में लगे हैं।

इंदौर का यह सबसे बड़ा सांस्कृतिक उत्सव हर वर्ष चल समारोह मार्ग पर देखने के लिए लाखों आंखे लालायित रहती है।

शहर की बंद कपड़ा मिलों मालवा, कल्याण मिल, हुकमचंद मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल, होप टेक्सटाइल्स भंडारी मिल सहित खजराना गणेश मंदिर समिति, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण सहित अन्य संस्थाओं द्वारा झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। वही अखाड़ों के कलाकारों द्वारा मलखंभ, चकरा घूमने, बनेटी से लेकर अन्य कला का प्रदर्शन करने के लिए पअभ्यास किया जा रहा है।

शहर में 1942 से चली आ रही चलित झांकियों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी चलित झांकियों का कारवां इन्दौर शहर की सड़कों पर गुजरेगा। मिलें बंद हैं, इसके बावजूद भी मजदूर भाईयों ने कमेटियां बनाकर खून-पसीने से सींचकर झांकियों का निर्माण आज तक चालू रखा है। इस निर्माण में झांकियों की परम्परा में चलित झांकियों के निर्माता का सम्मान किया जाता है इसलिए वे भी अपनी कला से मूर्तियों को आकृषित रूप देने में लगे हैं। विभिन्न मंच से सम्मान समारोह की श्रृंखला में मिलों की कमेटियों, झांकियों के कलाकारों, अखाड़ों के उस्ताद-खलिफाओं, विद्युत सज्जा के कलाकार, सशस्त्रों का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों एवं झांकियों में शामिल होने वाले बैण्ड के कलाकारों के साथ-साथ प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है।

जीवन में सफलता का आधार सकारात्मक नजरिया

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। आज मनुष्य सफलता प्राप्त करने के पीछे भाग रहा है लेकिन सफल होना तो हमारे ही सकारात्मक नजरिए पर निर्भर करता है क्योंकि सकारात्मक दृष्टिकोण वाला व्यक्ति नुकसान वाली स्थिति में भी अवसर तलाश लेता है। उक्त विचार मुंबई से पधारी स्व प्रबंधन विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी क्रीना दीदी ने ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में चल रहे शिविर सफलता की ओर बढ़ते कदम के अंतर्गत जीवन में सफलता के आयाम विषय पर उच्चारे। आपने बताया कि एक समय था जब किसी भी कंपनी में शारीरिक स्वास्थ्य के आधार पर नियुक्ति हो जाती थी लेकिन धीरे-धीरे देखा गया कि इससे कोई विशेष उन्नति नहीं हुई, तब फिर बौद्धिक क्षमता रखने वाले लोगों की, उसके पश्चात भावनात्मक दक्षता रखने वाले लोगों की खोज शुरू हुई। परंतु वर्तमान समय हम हर पल परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, ऐसे समय पर केवल भावनात्मक रूप से सशक्त होना ही नहीं अपितु समय की मांग है कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए आध्यात्मिक रूप से सशक्त होना अति अनिवार्य है। अतः आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही सफलता का नया आयाम है। आपने आध्यात्मिकता का अर्थ बताते हुए कहा कि अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचान कर उस स्वरूप में स्थित होकर हर कर्म करना ही आध्यात्मिकता है। आज शिविर के अंतिम दिन अपनी शुभ प्रेरणा देते हुए क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि वर्तमान अनिश्चितता के समय स्वयं को स्थिर रखने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान एवं मेडिटेशन ही मानसिक संबल प्रदान कर सकता है।

सिका के बच्चों नें मनाया "hygiene day"

इंदौर। संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने और बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने में मदत करने के लिए अच्छी स्वच्छता महत्वपूर्ण है इसी को ध्यान मे रखते हुए सिका प्री-प्राइमरी स्कूल, स्किम नंबर 78 में "Hygine Day" मनाया गया।इस अवसर पर शिक्षिकाओं नें बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे मे विस्तारक जानकारी दी।

इसमें सुबह जल्दी उठना, दिन मे 2 बार ब्रश करना, रोज नहाना,नाखून काटना, हाथ धोना,खूब सारा पानी पीना और हरी सब्जियाँ तथा फल खाना आदि के बारे मे बच्चों को समझाया। बच्चों नें इस पर कविताएं तथा गाने गाये।बच्चों को कहानियो और विभिन्न गतिविधियों द्वारा इस विषय का ज्ञान दिया गया।

प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वाती जैन नें कहा की व्यक्तिगत स्वच्छता बीमारियों को रोकेगी और बच्चों मे आत्म -जागरूकता का निर्माण करेगी।

रिया जैन को मिला गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बधाई संदेश

इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन को माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा भाई बहन के पावन पर्व रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

साथ ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित सिसोदिया जी के मार्गदर्शन में देश हित के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं। उसके लिए भी सराहना की, और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत की मुहिम में एकजुट होकर अपना योगदान देने के लिए भी बधाई दी, एवं माननीय अमित शाह ने, रिया जैन को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपना आशीर्वाद दिया।

प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट में अभियंत्रिकी दीक्षारंभ 2024 का भव्य आयोजन, नवप्रवेशित इंजीनियरिंग छात्रों का स्वागत

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईईएमआर), इंदौर के नवप्रवेशित छात्रों के लिए अभियंत्रिकी दीक्षारंभ 2024 का भव्य आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस समारोह में प्रख्यात तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद और प्रेरक वक्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। इस आयोजन ने भविष्य के इंजीनियरों के लिए एक प्रेरणादायक शुरुआत प्रदान की, जिसमें विशिष्ट वक्ताओं ने सफलता, नवाचार और व्यावसायिक विकास पर जोर दिया। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर जयप्रकाश कबरा ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा,

आत्मविश्वास आपकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अच्छे अंक प्राप्त करना और उच्च ग्रेड हासिल करना महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि आप अपनी शिक्षा को व्यावहारिक रूप से कैसे लागू करते हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी क्षमता को कभी कम न आंकने और कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया, यह कहते हुए कि ईमानदार प्रयास करने वाले कभी असफल नहीं होते। प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन और प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. डेविश जैन ने छात्रों से अपने अध्ययन के दौरान शोध और नवाचार में डूबने की बात कही। उन्होंने छात्रों से उद्यमिता कौशल विकसित करने का आग्रह किया ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। आईयूसीईई के कार्यकारी निदेशक डॉ. कृष्णा वेदुला ने आधुनिक शिक्षण और अधिगम प्रथाओं पर जोर दिया, शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्लाइड और रटने तक सीमित न रहें, बल्कि छात्रों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ें। सीनियर ऑपरेशंस रिसर्च इंजीनियर डॉ. अर्का दास ने छात्रों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए अपने कौशल को लगातार बेहतर करने की सलाह दी। पीआईएमआर के प्रवेश निदेशक डॉ. राजीव रघुवंशी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें न केवल व्यावसायिक सफलता पर ध्यान केंद्रित करने बल्कि नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की भी सलाह दी। समारोह के दौरान, नवप्रवेशित छात्रों को अतिथियों द्वारा %दीक्षारंभ% बैज प्रदान किए गए। डॉ. हेमंत शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

अनुष्का सेन्द्रे ने मिट्टी के इकोफ्रेन्डली बाल गणेश सिखाये

इंदौर। पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी। इसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए हमारे अपने शहर इंदौर की बेटी अनुष्का सेन्द्रे ने जो (एम बी ए की छात्रा है) पर्यावरण को सुरक्षित करने में भागीदारी दिखाई और शहर के कॉलोनी, मॉल स्कूल, कॉलेज, एनजीओ मैं जा-जाकर मिट्टी के इको फ्रेंडली गणेश सिखायें। जिन्हें हम घर मैं विसर्जित कर पर्यावरण को दूषित होने से बचा सकते है। अनुष्का क्राफ्ट ड्राइंग की भी समय-समय पर वर्कशॉप लेती रहती है।

शायर तजदीद साक़ी उर्दू अकादमी के जिला समन्यवक नियुक्त

इंदौर। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी (संस्कृति विभाग) की निदेशक डॉ.नुसरत मेहदी ने इंदौर के युवा शायर तजदीद साक़ी को अकादमी के इंदौर जिला समन्वयक नियुक्त किया है। उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा प्रदेश में बेहतर साहित्यिक समझ रखने और उर्दू अदब की गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से उन्हें जिला समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। समन्वयक बनाए जाने पर उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी।

महू, खरगोन के बाद अब झाबुआ, थांदला भी जल्द होंगे पूर्ण स्मार्टमीटरीकृत

पश्चिम क्षेत्र में अब तक लगे 7.40 लाख अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर

इंदौर। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय एवं मप्र ऊर्जा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर की स्थापना की दिशा में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर अग्रणी भूमिका निभा रही है।

पश्चिम क्षेत्र कंपनी के महू, खरगोन शहर पूर्व में पूर्ण स्मार्ट मीटर वाले नगर घोषित हो गए है, अब एक सप्ताह बाद झाबुआ एवं थांदला नगर भी पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत नगर तय हो जाएंगे।

प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्मार्ट मीटर परियोजना का श्रेष्ठ संचालन करने पर पश्चिम क्षेत्र कंपनी के कार्मिकों को बधाई दी है।

पश्चिम क्षेत्र कंपनी में अब तक सात लाख 40 हजार अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लग चुके है। वर्तमान में चौदह जिलों में स्मार्ट मीटर तेजी से लगाने का कार्य जारी है। कंपनी क्षेत्र में सबसे ज्यादा इंदौर शहर में करीब सवा तीन लाख स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके है। इसके बाद उज्जैन, देवास, रतलाम में 46 हजार से 80 हजार स्मार्ट मीटर लगे है।

खरगोन में शत प्रतिशत 43 हजार, महू में शत प्रतिशत 15 हजार स्मार्ट मीटर लगे है। इसी तरह झाबुआ में 13 हजार एवं थांदला में साढ़े 5 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके है। झाबुआ एवं थांदला में करीब 150 थ्री फेज स्मार्ट मीटर अगले एक सप्ताह में लगा दिए जाएंगे, इसी के साथ झाबुआ और थांदला दोनों शहर में पूर्ण स्मार्ट मीटर वाले हो जाएंगे।

पश्चिम क्षेत्र के अन्य 20 नगरीय निकायों में भी तेजी से स्मार्ट मीटरीकरण कार्य जारी है। इसकी प्रबंध निदेशक कार्यालय स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। डिजिटलाइजेशन एवं सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के लिए सफल साबित हो रहे इन स्मार्ट मीटरों से संबंधित कामकाज देखने के लिए अब तक 25 से ज्यादा प्रतिनिधि मंडल इंदौर आ चुके है।

कहीं दाग़ न लग जाए

आपको अपने मुंह मियां मिट्ठू मालूम ही होगा और जानकारी यह भी होगी कि ÷लंबे हाथ अपनी पीठ भी बेहतर ढंग से थपथपा सकते हैं, शाबाशी में। वैसे दिया नहीं जान पाता की उसके तले में अंधेरा है, ठीक वैसे ही जैसे लाल गूंजा या रत्ती अपने कालिख या कालेपन को नजर अंदाज कर अपने को साफ सुथरा और गोरा समझता है। बिल्कुल इसी तरह सारी कौवों के बीच बैठा एक भूरा कौवा अपने आपको अगर गोरा दूध का धुला समझे तो क्या किया जा सकता है? बस आजकल यही बात हो रही है। चारणभाटों की बातें उन्हें शायद उतनी भाती नहीं जितना अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने से भाती होंगी। उन्होंने बयान दे दिया ÷मैं बेदाग हूं।÷ सारे साथी अपने अपने गिरेबान झांकने लगे कि बेदाग वे भी तो होंगे जब बड़े भैया बेदाग हैं। लेकिन सबके सब गिरेबान दागदार निकले सिर्फ बड़े भैया का नहीं। एक साथी ने कहा हम तो कई कई दिन कपड़े मतलब गिरेबान नहीं बदलते जबकि भैया दिन में दस बार लिबास वही गिरेबान चेंज करते हैं तो दाग कैसे होगा? सभी ने सोचा ÷दिल बहलाने के लिए ग़ालिब ये खयाल अच्छा है।÷ वे दागदार कैसे हो सकते हैं? सुबूत मिटाना, बात बात में बात बदलना, लोगों का ध्यान दूसरी तरफ करने में माहिर जो हैं। किसी ने चूं चपड की तो बस उनके पीछे अपने कुत्ते दौड़ा देना कि बेटा अब बचके कहां जाओगे।

अक्सर कोई भी हो पुराने इतिहास और कुछ खास लोगों को गरियाने में वे इन सालों में माहिर हो चुके हैं। लिबासों की तरह नाम बदलना, अपने चमचों के भजन में मगन होकर स्वयं को लगभग भगवान मान लेना उनके दागदार चरित्र के कुछ नमूने हैं। वैसे उनका पूरा जीवन काल ही कई दाग़ों का इतिहास है। कोई एक सच्ची बात उनके मुंह से नहीं निकलती। वे स्वयं को कभी विद्वान, कभी बिलकुल अनपढ़, कभी याचक और कभी हिमालय का तपस्वी तो कभी व्यापारी कहते नहीं थकते। अलग अलग संदर्भों के लिए उनकी मजेदार व्याख्यान हैं जिनमें सचाई बिलकुल उतनी ही है जितनी आजकल के किसी नेता में ईमानदारी।

एक बार चेहरे पर काला दाग़, शायद काजल का हो, दिख गया। उन्हें जब बताया गया तो वे बगले झांकने लगे। बोले ÷भीड़ भाड़ में लग गया होगा।÷ लेकिन उनके आसपास एक आदमी का फटकना मुश्किल है, भीड़ कैसी होगी ? दूर एक महिला मंत्री कजरारे आंखों से मंद मंद मुस्कुरा रही थी।झटपट जेब से रूमाल निकालकर वे बेदाग भैया दाग़ पोंछने लगे।

नगर निगम ने आज बाणगंगा के मॉडर्न चौराहे पर अतिक्रमण की कार्रवाई की

इंदौर में वार्ड-83 के उपचुनाव में 41.32% वोटिंग

21 में से लगभग 9 हजार वोटर्स ने डाला वोट, परिणाम 13 को

इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 83 के पार्षद पद के उप चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चले मतदान का प्रतिशत 41.32 रहा।

8979 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान के लिए 31 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। बुधवार को वर्किंग डे होने के कारण वोटिंग बहुत ही धीमी रही। वहीं वोटिंग कराने के लिए प्रशिक्षित मतदान दल मतदान सामग्री लेकर मंगलवार शाम को ही मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए थे। इस वार्ड में 21 हजार 731 मतदाता हैं। वहीं मैदान में 6 उम्मीदवार थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में निर्भीक, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। तीन-तीन सेक्टर ऑफिसर और कार्यापालक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। मतदान के पश्चात नेहरू स्टेडियम में ही बने स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम

मशीनें रखी जाएगी। मतगणना 13 सितम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

यह 6 उम्मीदवार हैं मैदान में

वार्ड 83 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विकास जोशी, कांग्रेस के डमी प्रत्याशी (निर्दलीय) संजय मालवीय, बीजेपी के प्रत्याशी जितेंद्र राठौर और बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी पूजा साहनी के साथ ही योगेन्द्र मौर्य और विनोद सिंह सूर्य वंशी निर्दलीय चुनाव मैदान में है। बता दें कि आप पार्टी के पारस जैन ने नामांकन वापस ले लिया था।

अस्पतालों के सुरक्षा गार्डों को मिलेंगे बॉडी वॉर्न कैमरे

ब्रिथ एनालाइजर से नशेड़ियों की भी करना होगी जांच, क्षेत्र के थाना प्रभारी की जिम्मेदारी भी तय

इंदौर । कलकत्ता की घटना के चलते देशभर में बवाल तो मचा ही, वहीं सभी निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में अब पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था अपनाई जा रही है। कलेक्टर आशीष सिंह ने भी इस संबंध में आदेश जारी किए हैं, जिसमें सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे तो लगाना अनिवार्य रहेंगे, वहीं जो सिक्युरिटी गार्ड हैं उन्हें बॉडी वॉर्न कैमरे उपलब्ध कराना पड़ेंगे, ताकि अप्रिय घटना की स्थिति में निष्पक्ष जांच हो सके। क्षेत्र के थाना प्रभारी की जिम्मेदारी भी तय की गई है। वहीं भीड़ से बचने के लिए मरीज के पास सिर्फ एक ही परिजन को रहने की अनुमति दी गई है और रात 8 बजे के बाद सिक्युरिटी गार्ड ब्रिथ एनालाइजर के जरिए जांच की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर रौशनी की व्यवस्थ, सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी के अलावा कानूनी जानकारी के सूचना बोर्ड भी अस्पताल परिसर में लगाना होंगे और कंट्रोल रूम का प्रबंध करने के साथ उसमें इमरजेंसी कॉल उपकरण भी लगाया जाएगा। पैनीक अलार्म सिस्टम डवलप करने के साथ नजदीकी थानों के ड्यूटी रोस्टर की प्रति भी नजदीक के अस्पतालों को उपलब्ध कराना होगी। सुरक्षाकर्मियों को बॉडी वॉर्न कैमरे देने के अलावा ब्रीथ एनालाइजर भी दिए जाएंगे, ताकि रात 8 बजे के बाद कोई नशेड़ी या अवांछित व्यक्ति परिसर में प्रवेश न कर सके। महिलाओं के लिए शौचालय ड्यूटी रूम में ही अटैच रहेंगे और शौचालय के बाहर व आसपास रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

दंपति से मारपीट

इंदौर। बाइक का हैंडल टच होने को लेकर विवाद में बाइक सवार दो युवकों ने दंपत्ति के ासथ मारपीट कर दी । खजराना पुलिस के मुताबिक विवाद अग्रवाल शोरूम के सामने वाली गली में हुआ। फरियादी अभिषेक पिता भरत निवासी धीरज नगर की रिपोर्ट पर आरोपी लक्की और उसके एक साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर अस्पताल जा रहा था।

सज्जनों से हितकारी वचन बोलना सत्य धर्म कहलाता है

इन्दौर। परदेशीपुरा दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अरविंद जैन एवं भानु कुमार जैन ने बताया कि पयुषर्ण पर्व के अवसर पर आचार्य श्री विप्रणत सागरजी महाराजजी ने अपने विशेष प्रवचन देते कहा कि सत्य का फल बड़ा मीठा होता है, आपसी व्यवहार में समीचीनता आती है, शत्रु से आत्मविश्वास, अपनापन और वात्सल्य वृद्धिगत होता है, जो व्यक्ति एक बार भी सत्य को छोड़ता है उसे असत्य को सत्य सिद्ध करने के लिए सैकड़ों बार असत्य का प्रयोग करना पड़ता है, इसी तरह एक बार भी असत्य बोलने के उपरांत हजारों बार सत्य बोलने पर भी उस सत्य को भी असत्य की कोटि में मान लिया जाता है।

सती सीता के शील के प्रभाव से अग्निकुंड में जल में कमल खिला, सेठ सुदर्शन को शूली का सिंहासन बना आदि ऐसे सत्य धर्म से हुए अतिशय चमत्कार के महान उदाहरण हैं जो हर एक व्यक्ति को सत्यवादिता का साहस उत्पन्न करते हैं, जैसे कहा ही है- ''सत्यमेव जयते'' राजा दशरथ ने कहा कि:-

इस अवसर पर महाराजश्री को श्रीफल भेंट कर अरविंद जैन, राकेश विनायका, भानु कुमार जैन, संतोष सराफ, अपूर्व जैन, अर्पित जैन, राजा जैन, अरविंद जैन बिडीवाले, कोमलचन्द्र जैन हृदा, रूपेश जैन (रानू), राजेन्द्र बंडी, श्रीमती सोनाली जैन, श्रीमती शिल्पी जैन आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ की दूत कार्यवाई के कारण चोर पकड़ा गया

इन्दौर। 10 सितम्बर, को श्री सौरव शर्मा गाड़ी संख्याड 22944 इंदौर दौंड एक्सइप्रेस में इंदौर से वसई रोड तक चेकिंग ड्यूटी में थे। वडोदरा से सूरत के मध्यम एक यात्री ने ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ से शिकायत की एस-5 से उनकी मोबाइल चोरी हो गई है। संबंधित यात्री ने संदेह के आधार पर एक व्यतक्ति का हुलिया

बताया। चूँकि ट्रेन कहीं रुकी नहीं थी तो ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टा फ द्वारा एस-5 से एस-1तक चेक किया गया लेकिन नहीं मिला। इसके उपरांत इस ट्रेन के जनरल कोच में जाकर चेक की तो वह व्ययक्ति मिला जो एस-5 में घूम रहा था। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से उस यात्री की मोबाइल एवं शराब की एक बोतल बरामद हुई। आवश्यलक कार्यवाही कर मोबाइल संबंधित यात्री को वापस किया गया तथा चोर एवं शराब की बोतल रेलवे सुरक्षा बल सूरत को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टारफ की दूत कार्यवाई के कारण यात्री की गुम हुई मोबाइल वापस मिली एवं एक चोर को भी पकड़ा जा सका।

10 हजार करोड़ का पड़ेगा इंदौर-उज्जैन एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पूरा किया अपना सर्वे, 47 किलोमीटर के मेट्रो प्रोजेक्ट में 8 स्टेशनों का करना पड़ेगा निर्माण

इंदौर। मेट्रो प्रोजेक्ट शहर में तो आ ही रहा है, वहीं मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप जहां इंदौर-उज्जैन के बीच वंदे मेट्रो दौड़ाई जाएगी तो उसके अलावा एलिवेटेड कॉरिडोर पर भी लाइट मेट्रो चलाई जाएगी। इसकी भी घोषणा इंदौर में ही पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इसके लिए सर्वे भी किया और उसकी रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और 47 किलोमीटर इसकी दूरी रहेगी, जिसमें 8 स्टेशन बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने हालांकि सिंहस्थ-2028 के पहले मेट्रो प्रोजेक्ट पूरा करने की घोषणा की है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि अगर वाकई सिंहस्थ के पहले इंदौर-उज्जैन के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर पर मेट्रो दौड़ाना है तो अभी से तेज रफ्तार के साथ इस पर काम करना होगा। हालांकि केन्द्र सरकार से भी इसकी मंजूरी लेना पड़ेगी और साथ ही जो खर्च होने वाली 10 हजार करोड़ की राशि है उसका बंदोबस्त भी करना पड़ेगा। अभी जो इंदौर-उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट चल रहा है उसके लिए भी केन्द्र ने अनुमति दी और फिर एशियन विकास बैंक ने लोन दिया है। यानी एलिवेटेड कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने के लिए अभी कई अनुमतियां लेना पड़ेगी और तुरंत टेंडर की प्रक्रिया के साथ काम शुरू करना पड़ेगा। यह एलिवेटेड कॉरिडोर इंदौर-उज्जैन के बीच जो वर्तमान फोर लेन है इसे अब सिक्स लेन में परिवर्तित किया जा रहा है, उस पर निर्मित होगा। यानी भौंरासला से लेकर नानाखेड़ा तक यह एलिवेटेड कॉरिडोर मेट्रो के लिए निर्मित होगा, जो कि 47 किलोमीटर का रहेगा और उसके बीच में 8 स्टेशन भी बनेंगे। कुछ समय पूर्व दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को इसके सर्वे की जिम्मेदारी दी गई थी और पिछले दिनों भी इस टीम ने इंदौर-उज्जैन आकर अपने सर्वे के कार्य को पूरा किया और कल भोपाल में सिंहस्थ के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की जो बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उस पर इस प्राप्त सर्वे पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा मौजूदा इंदौर-उज्जैन के बीच जो रेल लाइन बिछी है उस पर वंदे मेट्रो चलाने की भी घोषणा की जा चुकी है। हालांकि यह काम तो सिंहस्थ के पहले आसानी से हो जाएगा, क्योंकि इसके लिए सिर्फ नई ट्रेन ही चलाना पड़ेगी। स्टेशन से लेकर सभी सुविधाएं पहले से मौजूद है। अलबत्ता एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए अवश्य समय लगेगा। हालांकि इंदौर-उज्जैन के बीच लाइट मेट्रो अगर चलती है तो उसका अत्यधिक फायदा मिलेगा। इंदौर को अभी मुख्यमंत्री ने मेट्रो पॉलिटन रीजन के रूप में भी विकसित करने की घोषणा की है, जिसमें उज्जैन, धार, पीथमपुर, देवास को भी शामिल किया जा रहा है। वहीं इंदौर-उज्जैन रोड पर तेजी से आवासीय कॉलोनियां भी विकसित हो रही है। मेट्रो सुविधा मिलने से अपडाउन करने वालों को भी आसानी होगी।

महंगी सब्जिया, पालक, मैथी, धनिया 100 रुपए किलो थोक में

इंदौर । बारिश का दौर लगातार जारी है, जिससे सब्जियों के पौधे और फूल खराब होने से पैदावार कम हो रही है। इंदौर की चोइथराम सब्जी मंडी में इन दिनों 20 से 25 गाडिय़ां सब्जियों की आवक ही हो रही है, जो सामान्य से कम मानी जा रही है। थोक मे सब्जियों के दामों मे तेजी होने से खेरची उपभोक्ताओं को महंगी सब्जियां खरीदना पड़ रही हैं, जो आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। थोक मंडी में गिल्की 45 से 50 रुपए, तुरई 60, पालक 120, मैथी 80, हरा धनिया 80 से 100, भिंडी 20, चतुरफली 80, मिर्ची 30 से 40, सुरजना फली 30 से 40, कद्दू 12 से 14 ,अदरक 50 से 60, किकोड़ा 40, फूलगोभी 12 से 18 रुपए प्रतिनग, भुट्टा 10 से 15 रुपए किलो थोक में बिक रहे हैं। खेरची में उपभोक्ताओं को 15 से 20 रुपए, टमाटर 15 से 25 रुपए प्रतिकिलो या इससे ज्यादा भी चुकाना पड़ रहे हैं। व्यापारी फतेहसिंह यादव का कहना है कि

लगातार बारिश से मैदानी इलाकों की सब्जियों के पौधे खराब हुए हैं, जिसके कारण सब्जियों के दामों में तेजी बनी हुई है। अरविंद हाडिया का कहना है कि इस बार आम उपभोक्ता को लंबे समय तक सब्जियों के दाम ज्यादा चुकाने पड़े हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पहले मुझे **अनिसा** के नाम से जाना जाता था। अब मैंने मेरा नाम बदलकर **अनिषा पति गम्मू** कर लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नए नाम **अनिषा पति गम्मू** के नाम से जाना व पहचाना जावे।

अनिषा पति गम्मू
पताः- 2, मुंडला नायता, करतूरबाग्राम, इन्दौर म.प्र. 452020

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **सुनिल कुमार पटेल पिता श्री शांतीलाल पटेल** था, जिसे मैं परिवर्तित कर **सुनिल पटेल** करना चाहता हूं क्योंकि मैं आधार कार्ड, पेन कार्ड व सभी दस्तोवजो में मेरा नाम **सुनिल पटेल** ही दर्ज है। **सुनिल कुमार पटेल** जो कि त्रुटिवश दर्ज हो गया था, जिसे मैं बदलवाना चाहता हूं तथा अगे से सुनिल पटेल नाम से ही जाना, पहचाना जाऊँगा। विदित हो।

पूर्व नाम :- सुनिल कुमार पटेल
पिता श्री शांतीलाल पटेल
परिवर्तित नाम :- सुनिल पटेल
पिता श्री शांतीलाल पटेल

मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

मीटिंग-मीटिंग खेलते हैं

बिहार की धरती पर, एक बार फिर अजीब मंजर देखने को मिला। जब आसमान से बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, तो हमारे महकमे की चाय का कुल्ला ही शुरू होता है। तूफान आया, चकाचक, लेकिन अरे! किसे खबर थी? सब तैयार बैठे थे, चाय की चुस्कियों में खोए। पोस्ट-मॉर्टम की मीटिंग बुलाई गई, जैसे पहले ही सबने यह तय कर लिया हो कि बात तो करनी है, बाद में। बात सुनिए, बिहार में अगर बारिश हो जाए तो लोग बिन मौसम मौज में आ जाते हैं। खुदा की कसम! जब सूरज निकलता है, तब पीली बत्ती जांचने जाते हैं। लेकिन जब तूफान की बात आई, तो सबने दिमाग बंद कर दिए। क्यों देखें पहले, जो होगा, देखा जाएगा! यही था उनका नारा। फसलें उगाने की चिंता नहीं, नेताओं की चाय की प्याली से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई। इधर, गाँव के लोग कह रहे थे, बाबा, पहले क्यों नहीं बताया? हम तो ट्रैक्टर में धूप का मजा ले रहे थे! पर कोई सुनने वाला था? पोस्ट-मॉर्टम मीटिंग में सारा ध्यान इस बात पर था कि किसकी गलती थी? सब चुप्पी साधे हुए थे। जैसे मौसम का कहर उनकी सोच से भी बड़ा हो। ठीक उसी दिन, जब तूफान घर-द्वार सब उड़ाकर ले गया, हमारे अधिकारी लोग बिलकुल सुकून में थे। अरे, भैया! आराम से चलो, मीटिंग में बातें करेंगे। सब जानते हैं, मौसम अपने हिसाब से चलता है। बचेंगी तो फसलें, नहीं तो न सही। पर मीटिंग तो होनी चाहिए। चाय के बिना तो नेता भी नहीं बोलते। उस मीटिंग में सभी ने एक-दूसरे की तारीफें कीं। हमने तो मौसम का ध्यान रखा था, पर इस बार कुछ होना था! लहरें उठ रही थीं, और नेता अपने जहाज पर तैर रहे थे। अंत में, तूफान ने कह दिया, अच्छा, तो आप सब चाय पीते रहो, मैं अपनी लीला दिखा रहा हूँ! और चलो, चाय का स्वाद छोडकर सब बर्बाद हुआ सो हुआ। अब चर्चा हुई उस प्लान पर - जो अगले तूफान की तैयारी में काम आएगा। सवाल यह था कि जब तूफान आया, तब कहाँ थी हमारी तैयारी? और जब शाम ढली, तो जिम्मेदार लोग घर चले गए। कुछ ने तो सोचा भी नहीं कि अगली सुबह क्या होगी। पर गाँव वालों की आँखों में आँसू थे। फसलें बह गईं, घरों के चूल्हे बुझ गए। हमें बस पॉजिटिव सोच चाहिए, न कि तूफान की सचाई। लोग अब भी मुँह चिढ़ाते हुए कह रहे थे, अच्छा हुआ न, अब मीटिंग कर सकते हैं। लेकिन सच्चाई यह थी कि मीटिंग में तो सब ठीक था, लेकिन असल जिंदगी में सब कुछ खो गया था। तो, भाई, जब तक चाय की प्याली में गरमागरम बातें होंगी, तब तक तूफान आते रहेंगे। यही है हमारी योजना, और इसी पर हम आगे बढ़ते रहेंगे। पर यह मत भूलिएगा, बरसात के बाद सब ठीक नहीं होता है। एक तूफान सिर्फ पेड़ ही नहीं, जिंदगियाँ भी उड़ा ले जाता है। लेकिन मीटिंग? मीटिंग चलती रहेगी। तो चलिए, अब हम फिर से तैयार हैं। अगली बार, जब तूफान आएगा, हम फिर से चाय पिलाएंगे और कहेंगे, अब देखते हैं, कैसे संभालते हैं!



महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा थे धैर्य ओर संयम के प्रतीक: ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर

ऊर्जा मंत्री के साथ राज्यसभा सांसद, विधायक व पूर्व सांसद ने दी कालूखेड़ा को श्रृद्धांजलि

जावरा। प्रदेश के पूर्व कृषि व शिक्षा मंत्री महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा की सातवीं पुण्यतिथि बुधवार को ग्राम कालूखेड़ा में मनाई गई। जहां कालूखेड़ा की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 84 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। साथ ही श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन भी रखा गया।

समर्थकों ने कालूखेड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा ग्राम पंचायत में पौधरोपण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर रतलाम से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास के साथ कार से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। पुष्प अर्पित करने के बाद ऊर्जा मंत्री तोमर ने स्व.महेंद्रसिंह कालूखेड़ा के व्यक्तित्व, कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें सहज, सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए व्यक्तित्व को धैर्य एवं संयम का प्रतीक बताया। इस दौरान उनकी कार्य क्षमता वैचारिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी स्मरण करवाया। फिर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केकेसिंह कालुखेड़ा के साथ ऊर्जा मंत्री आयोजित रक्तदान शिविर में भी शामिल हुए। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने स्व. कालुखेडा के सीमाओं से परे जाकर मालवा अंचल के विकास में योगदान का स्मरण किया। राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेशनाथ महाराज ने स्व. कालुखेडा का स्मरण किया। पूर्व मंत्री कैलाश चांवला ने कालुखेडा के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर ने भी महेन्द्रसिंह कालुखेड़ा के जीवन पर प्रकाश डाला।

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने स्व.महेन्द्रसिंह कालुखेडा की नेतृत्व क्षमता बडप्पन की भावना का स्मरण करते हुए उनके ऊर्जावान व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपनी बात रखी। इस दौरान रतलाम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व मंदसौर विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक आलोट जितेन्द्र गेहलोत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कान्हसिंह चौहान, रतलाम नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, ने भी कालुखेडा के कर्मशील एवं प्रखर व्यक्तित्व का स्मरण किया। इस दौरान उपस्थितजनों ने कालुखेड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इन्होने भी दी श्रृद्धांजलि

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन सदस्य महेन्द्र गुड्डु गोखरू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धरमचंद चपडोद, भाजपा जिला मंत्री कीर्तिशरण सिंह, अशोक कोठारी, पवन पाटनी, धीरज सारड़ा, पिंकेश मेहरा, हरिनारायण अरोड़ा, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, डॉ. दिलीप शाकल्य, देवेन्द्र भटनागर, सुभाष डूंगरवाल, विनोद दख, विनोद पोरवाल, सुरेंद्रसिंह सिसोदिया, राहुल चपडोद, लक्ष्य जैन, जनपद सदस्य दीपक नाहर आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा-कांग्रेस के

समर्थक पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए और महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा को पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी।

वॉलीबॉल में 72, हैंडबॉल में 65 और खो-खो प्रतियोगिता में 25 छात्र लेगे भाग

जावरा।

महावीर जैन नेशनल स्कुल के विद्यार्थियों ने इंटर स्कुल खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

इस वर्ष के ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 72, हैंडबॉल में 65 और जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में 25 स्कुल के छात्र भाग ले रहे है। यह संख्या न सिर्फ स्कुल के खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत और उनकी लगन को भी उजागर करती है।

स्कुल डायरेक्टर डॉ.अश्विन गंगवाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने खेल में मेहनत और समर्पण से स्कुल का नाम गर्व से ऊँचा किया है। इस सफलता ने महावीर जैन नेशनल स्कुल की प्रतिष्ठा को और भी मजबूत किया है और यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में भी स्कूल के विद्यार्थी इसी तरह सफलता की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे।

राज्यसभा सांसद को कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जावरा । नगर पालिका, नगर परिषद एवं पंचायत के साथ नगर निगम में कार्यरत समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, स्थाई कर्मचारियों, विनियमित कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर अखिल भारतीय

वाल्मीकि महापंचायत द्वारा प्रदेशाध्यक्ष शैलेंद्र मेहना के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद उमेश नाथ के नगर आगमन पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन प्रदेश महामंत्री एडवोकेट पुखराज बिडवान ने किया। इस मौके पर राजेश कंडारे, शिव कंडारे, तेजाशंकर मेहना, प्रकाश बारवासे, कपिल बिड़वान, विनोद धनवार, रविराज खत्री, विकास गिरजे, आकाश धूलिया, संजय कल्याणे, राहुल ऊंटवाल, यशवंत कालोसिया, बंटी चौहान, विजय बिडवान, प्रवीण पारोचे, वीरेंद्र खरे आदि उपस्तिथ थे।

हितग्राही की मौत पर 8 लाख की बीमा राशी की भेंट

जावरा । मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा जावरा द्वारा किसान खाताधारक हितग्राही की आकस्मिक मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री जीवन बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना एवं बैंक के अन्य बीमा योजनांतर्गत आठ लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। बीमा राशी का चैक मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक हर्षवर्धन मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी मनीष धनोतिया तथा शाखा प्रबंधक नरेंद्र चौहान द्वारा खाताधारक की माता को प्रदान की गई। त्वरित उक्त राशी प्राप्त होने के बाद हितग्राही के परिजनों ने मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक हर्षवर्धन मिश्रा के साथ ही पूरे बैंक स्टाफ का आभार प्रकट किया।

शिक्षकों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

जावरा ।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा 3 व 4 पढाने वाले शिक्षकों का ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का द्वितीय चरण प्रारंभ हुआ।

शुभारंभ खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक राजीव लोचन कुशवाह, प्रशिक्षण प्रभारी राजेश भावसार, प्रशिक्षण सह प्रभारी चरणसिंह चंद्रावत, नीता शर्मा ने किया। राजीव कुशवाह ने कहां कि नवीन अवधारणाओं को जानने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

राजेश भावसार ने प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं पांच दिवसीय जानकारी से अवगत कराया। चरणसिंह ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को अनुशासन एवं नियमा नुसार प्रशिक्षण लेने की बात कही। प्रशिक्षण में 104 शिक्षकों के साथ प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से जन शिक्षक भी प्रशिक्षण लेगें। भोपाल से प्रशिक्षित होकर आए मास्टर ट्रेनर्स उपादेवी सोलंकी, सोहन सिंह सोनगरा, मुकेश देवड़ा, गोविंदराम प्रजापत, मनीष धाकड़, अंकित बोरीवाल, मनीष धाकड़, सुरेश शर्मा, मनोहरदास बैरागी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

कल आएगे वार्ड 4 के पार्षद पद उपचुनाव के नतीजे

जावरा । शहर के वार्ड 4 के पार्षद पद के उपचुनाव के लिए मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। करीब 77.16 प्रतिशत मतदान हुआ। कल शुक्रवार को शासकीय भगतसिंह महाविद्यालय में मतगणना होगी। एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी त्रिलोचन गौड़ ने बताया मतगणना के लिए शुक्रवार सुबह 8.30 बजे स्ट्रांग रूम खुलेगा। दो राउंड में मतों की गिनती की जाएगी। करीब पौन घंटे में नतीजे सामने आएगे। इधर बुधवार को मतदान में महिलाओं से अधिक पुरूषों ने रूचि दिखाई। 78.36 प्रतिशत पुरूषों के मुकाबले महिलाओं ने 75.83 प्रतिशत मतदान किया। सुबह से ही मतदान केन्द्र पर भीड़ जुटी रही। बुजुर्गों ने व्हील चेयर से पहुंचकर मतदान किया तो दिव्यांग भी मतदान करने में पीछे नही रहे।

श्री राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती के बाद कीर्तन कर मनाई राधाष्टमी

जावरा । शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री साँवलिया सेठ मंदिर व श्री राधाकृष्ण मंदिर में धूमधाम से श्री राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। बुधवार दोपहर 12 बजे श्री राधा किशोरीजी की महाआरती कर प्रसादी वितरित की। बाद में महिला मंडल द्वारा भजन व कीर्तन किया गया। इस दौरान श्रीराधे-राधे की गुंज दरबार में गुंजने लगी और माहौल श्री राधा कृष्णमय हो गया। इस दौरान श्री राधाकृष्णजी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। श्रीराधे के भजनों पर महिलाओं ने नृत्य व पुष्पवर्षा कर आनंद लिया। इस मौके पर मारुति महिला मंडल की मोनिका जोशी, निर्मला केथुनिया, कोमल त्रिवेदी, शारदा सांखला, संगीता सोनी, शारदा परिहार, ज्योति जोशी आदि महिला श्रृद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया।

राजेंद्र श्रमण विद्यापीठ ने मनाया हितेशचंद्र सूरीश्वरजी का जन्मदिवस

जावरा।

जैन जगत में जीवदया सर्वोपरि मानी गई है, पुण्य कार्यो से जीवन सार्थक होता है। जीवन मे जीवदया के कार्य करने से ओर पुण्य के कार्यो से कर्मो का क्षय होता है और पुण्य अर्जित होता है।

विद्यापीठ के सदस्य गुरुदेव के बताए मार्ग पर अनुसरण करते हुए नित्य धर्म क्षेत्र में सम्मिलित होकर कार्य करते है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए गच्छाधिपति वर्तमानाचार्य देवेश श्रीमद् विजय हितेशचंद्र सूरीश्वरजी मसा के 54 वें अवतरण दिवस पर राजेंद्र श्रमण विद्यापीठ द्वारा जीवदया सोयायटी में गौमाता को आहार करवाया गया। साथ ही गुरुदेव सदैव स्वस्थ एवं आनंदित रहने की कामना की गई।

इस मौके पर श्रीसंघ अध्यक्ष अशोक लुक्कड, अनिल चोपडा, समरथमल लोढा, भूपेंद्र रुनवाल, राजेश लोढा, राजेन्द्र राठोड, राजेश संघवी, जितेंद संचेती, जितेंद गोखरू, पीयूष चपडोद, निलेश कोठारी, मनीष मेहता, बंटी लुक्कड, पीयूष रुनवाल, दीपक चंडालिया, भावेश हरण, राकेश जैन, भावेश तांतेड, दर्शन गोखरू, मितेश करनावट आदि उपस्थित थे। संचालन अमित चत्तर ने तथा आभार आलोक जैन ने माना।

आर्मी अफसरों को लूटा, दो महिला मित्रों से गैंग रेप

इंदौर । इंदौर में दो ट्रेनी अफसरों और उनकी दो महिला मित्रों के साथ लूट और गैंग रेप का मामला सामने आया है। घटना पर्यटन स्थल जामगेट पर सोमवार रात करीब ढाई से तीन बजे की बताई जा रही है। आरोपियों ने पहले चारों को जमकर पीटा। इसके बाद दो लोगों को बंधक बनाकर उनके दो साथियों को रुपए लेने भेजा। इस दौरान आरोपियों ने दोनों युवतियों से गैंग रेप भी किया। के मुताबिक महू के दो आर्मी ऑफिसर अपनी दो महिला मित्रों के साथ जामगेट पर कार में बैठे थे। इसी दौरान 5 से 7 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और चारों के साथ मारपीट की। हथियारबंद बदमाशों ने चारों पीड़ितों से लूटपाट की। इसके बाद एक ऑफिसर और महिला को वहीं रोक लिया।

झमाझम हुई बारिश, आंकड़ा पहुंचा 40 इंच के करीब

जावरा।

क्षेत्र में इन दिनों रूक रूककर बारिश हो रही है। बुधवार शाम को एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर चला। सामान्य से अधिक अब तक शहर में करीब 40 इंच बारिश हो चुकी है। इधर लगातार हो रही बारिश से सोयाबीन की फसल गलने लगी है, साथ ही फसलों में पीला मौजक बीमारी लगने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

इसी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने अनुविभागीय अधिकारी त्रिलोचन गौड़ को खराब फसले दिखाते हुए ज्ञापन दिया। बोले, बारिश होने से जावरा तहसील एवं आसपास के किसानों की सोयाबीन

फसलों को भारी नुकसान हुआ है, कुछ क्षेत्रों में फसल लगभग पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। किसान जो कि पूर्णतया कृषि पर ही आश्रित हैं ऐसे में उनकों आर्थिक नुकसान हुआ है। राजस्व दल द्वारा मौके पर जाकर प्रत्येक

किसान की फसल का सर्वे कर नुकसानी का आंकलन कर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करे। साथ ही सोयाबीन बिक्री का न्यूनतम मूल्य 6 हजार रुपये निर्धारित किए जाने की मांग भाजपा अपनी ही सरकार से की गई।

इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष गणेश धाकड़, पवन धाकड़, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, मंडल महामंत्री अनिल धारीवाल, मनीष, सूर्य प्रकाश, कमलेश, श्यामसुंदर, आशीष, शंभु, गोपाल धाकड़ के साथ चंदु सोलंकी आदि उपस्थित थे।

मारपीट करने वाले पिता ओर 3 पुत्रों को 1 वर्ष का कारावास

जावरा। खेत के सेड़े से चारा काटने के दौरान सेड़े पर काटे आने से काटे को अलग फेंकने की बात को लेकर खेत के पडोसियों ने फरियादी के साथ लट्ठ से 2019 में की गई मारपीट मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कनेरिया द्वारा न्यायालय में आए साक्ष्य के आधार पर पिता ओर उनके तीन पुत्रों को दोषी पाते हुए चारों को एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया। `सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सांगते ने बताया कि पीड़ित राजेन्द्रसिंह ने आईए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका और जगन्नाथसिंह का खेत पास-पास होकर एक ही सेडा है। 13 अक्टुबर 2019 को सुबह 8:30 बजे मै अपने सेडे पर भाई राजपाल सिंह के साथ चारा काट रहा था। इस दौरान सेडे पर काटे रखे होने से उसने काटे एक तरफ कर दिए, इसी बात को लेकर जगन्नाथ के खेत में मौजूद उसके पुत्र पिंटुसिंह गालिया देने लगा। पिंटुसिंह ने फोन करके पिता जगन्नाथ सिंह, भाई श्याम व नेपाल सिंह को खेत पर बुलवा लिया। चारो खेत पर आते ही पीड़ित और उसके भाई के साथ गालिया देते हुए मारपीट की गई। श्यामसिंह ने एक लट्ठ की राजेन्द्रसिंह के बाए हाथ पर मारी जिससे चोट आई। बीच बचाव चंद्रपालसिंह एवं धनपालसिंह ने किया। पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया तथा आरोपी द्वारा अपराध किया जाना स्वीकार किया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर आरोपी श्यामसिंह (35) पिता जगन्नाथ, जगन्नाथ (56) पिता करणसिंह, पिंकुसिंह (21) पिता जगन्नाथसिंह, नेपाल (22) पिता जगन्नाथसिंह सभी निवासी ग्राम मीनाखेडा को धारा 323, 34 भादवि में दोषी पाते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1-1 हजार रुपयें के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से सफल पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भुपेन्द्र सांगते ने की।

द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया

रतलाम। जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा संचालित रक्तदान सेवा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रकाश बौरासी की मातुश्री श्रीमती विठ्ठन बौरासी की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय रतलाम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती आभा शर्मा संस्था अध्यक्ष, ठा. युवराज सिंह राणावत जावरा उप कार्यालय, जिला प्रभारी चिकित्सालय ब्लड् बैंक प्रभारी यादव एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग मिला। रक्तवीर योद्धाओं द्वारा रक्तदान कर मातुश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रकाश बोरासी, रोहित सोलंकी, प्रवीण मालवीय, प्रदीप मालवीय, करन सिसोदिया, लखन परमार, सोनू बरोड़, अमन डागर, विजय बौरासी, निहारिका, मुस्कान दिवाकर कार्यक्रम का आभार समाजसेवी पं. गौरव शर्मा ने माना।

नेत्रम संस्था के प्रयासों से चौबीस घंटे में तीन नेत्रदान हुए

रतलाम। शहर के दो परिवार ने एवं ग्राम धोसवास के एक परिवार ने आदर्श उदाहरण पेश किया। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि पहला नेत्रदान शहर के गोपाल गोशाला कालोनी निवासी मोहन लाल गांधी (नाकेदार) के सुपुत्र जसवंत गांधी के असमायिक निधन के पश्चात उनके भाई भूपेंद्र गांधी सुपुत्र हर्ष गांधी ने अरविंद कटारिया, महेंद्र भंडारी की प्रेरणा से, समाजहित में उनके दोनों अमूल्य नेत्रों का दान किया। नेत्रदान गीता भवन न्यास के डॉ जीएल ददरवाल द्वारा लिया गया। नेत्रदान के दौरान हेमन्त मूणत, सलभ अग्रवाल, नवनीत मेहता गोपाल पतरा वाला उपस्थित थे दूसरा नेत्रदान जैन कालोनी निवासी स्व सूरजमल बोहरा (किंग बहादुर) की पुत्रवधू नेत्रदानी स्व बाबूलाल बोहरा की धर्मसहायिका श्रीमती चंदनबाला बोहरा के असमायिक निधन के पश्चात उनके भाई समीरमल मूणत, आनंदीलाल मूणत एवं निर्मल कुमार मूणत, दशरथ पोरवाल, की प्रेरणा से पुत्र जयंत बोहरा प्रमोद बोहरा पौत्र अंकित बोहरा ने उनके नेत्रदान किये।

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश में एमएसपी लागू किये जाने के फेसले का किया स्वागत

रतलाम। मध्य प्रदेश के किसानों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश में सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी होगी। भाजपा किसान मोर्चा रतलाम द्वारा फेसले का स्वागत कर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया ने बताया की किसानों के सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी की अनुमति दी है। मोहन कैबिनेट में सोयाबीन खरीदी का प्रस्ताव पास हुआ था। एमपी सरकार ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर तत्काल अनुमति प्रदान की गई। भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राकेश पांचाल ने कहा की सीएम डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि परिषद की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया था। मोहन कैबिनेट ने मध्य प्रदेश में सोयाबीन का एमएसपी बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया था। प्रदेश सरकार ने 4800 एमएसपी करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया था।

ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ की दुत कार्यवाई के कारण एक चोर पकड़ा गया

रतलाम। श्री सौरव शर्मा गाड़ी संख्या 22944 इंदौर दौंड एक्सप्रेस में इंदौर से वसई रोड तक चेकिंग ड्यूटी में थे। वडोदरा से सूरत के मध्य एक यात्री ने ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ से शिकायत की एस-5 से उनकी मोबाइल चोरी हो गई है। संबंधित यात्री ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति का हुलिया बताया। चूँकि ट्रेन कहीं रुकी नहीं थी तो ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ द्वारा एस-5 से एस-1तक चेक किया गया लेकिन नहीं मिला। इसके उपरांत इस ट्रेन के जनरल कोच में जाकर चेक की तो वह व्यक्ति मिला जो एस-5 में घूम रहा था। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से उस यात्री की मोबाइल एवं शराब की एक बोतल बरामद हुई। आवश्यक कार्यवाही कर मोबाइल संबंधित यात्री को वापस किया गया तथा चोर एवं शराब की बोतल रेलवे सुरक्षा बल सूरत को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ की दूत कार्यवाई के कारण यात्री की गुम हुई मोबाइल वापस मिली एवं एक चोर को भी पकड़ा जा सका।

हनुमान रुंडी पर पहुंचकर दर्शन, वंदन एवं क्षमा याचना की

रतलाम। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने आराधना भवन श्री संघ में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य गणिवर्य कल्याणरत्न विजय जी मसा आदि ठाणा के हनुमान रुंडी पर पहुंचकर दर्शन, वंदन एवं क्षमा याचना की। इस अवसर पर आराधना भवन ट्रस्ट बोर्ड श्रीसंघ द्वारा चेतन्य कश्यप का शाल, श्रीफल से बहुमान किया गया। इस प्रसंग पर अध्यक्ष अशोक लुनिया, सह सचिव राजेश गांधी, ट्रस्टी जीवन पितलिया एवं विजय मेहता, संजय भंडारी, अश्विन भाई, राकेश भाई, आनंदीलाल गांधी आदि उपस्थित रहे।

हिंदू समाज द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई

रतलाम।

पुलिस द्वारा हिंदू लोगों पर बिना कारण से की गई लाठी चार्ज के विरोध में हिंदू समाज ने जन आक्रोश रैली कालिका मंदिर प्रांगण से प्रारंभ की जो की विभिन्न मार्गो से होती हुई जिलाधीश कार्यालय पहुंची जहां पर हिंदू संगठित लोगों ने ज्ञापन देते हुए लाठी चार्ज में हुई युवक मौत तथा लाठी चार्ज करने वालों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

रैली में सर्वप्रथम आगे हिंदू सन्त समाज चल रहे थे उनके पीछे महिलाएं हाथों में बैनर लिए, हिंदू समाज के सभी हिंदू गण हाथों में तख्तियां लेते हुए निकले। सर्व हिंदू समाज रतलाम द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा कि गणेश चतुर्थी पर निकल रहे चल समारोह एवं गणेश जी की प्रतिमा पर पत्थर बाजी करने वाले को बचाने के उद्देश्य से घटना को झूठ बताने तथा हिन्दू समाज को बदनाम करने जैसा घृणित कृत्य करने एवं घटना का विरोध स्वरूप थाने पर नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज करने आए श्रद्धालुओं पर ही झूठे मुकदमे दर्ज कर लाठीचार्ज करने, गणेश पंडाल में पुजा भक्ति कर रही महिलाओं के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट कर अभद्र व्यवहार व

बर्बरता करने एवं पुलिस की लाठी चार्ज में एक हिन्दू यूवक की मृत्यु हो जाने के संबंध में जांच कराई जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधीश राजेश बाथम को दिया।

ज्ञापन में रतलाम जिला तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाका स्टेशन रोड़ थाने के थाना प्रभारी दिनेश भोजक सहायक निरीक्षक अमित शर्मा (सायबर सेल) प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, महेंद्र पथरोड आरक्षण मनीष यादव व अधिनस्थ अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीयों एवं पटवारी तेजवीर चौधरी द्वारा गणेश चतुर्थी पर निकल रहे चल समारोह एवं गणेश प्रतिमा पर पत्थर बाजी करने वाले को बचाने का कार्य किया है। ज्ञापन में यह भी बताया कि जब हिन्दू समाज के लोग थाने से रिपोर्ट दर्ज कर जा रहे थे तब उन पर पुलिस द्वारा अचानक आकर बर्बरता पूर्वक हिंदू श्रद्धालुओं को हाथीखाना क्षेत्र में रोक कर निहत्थे श्रध्दालूओ पर लाठियां भाजना शुरू कर दी गई। शिकायत कर्ता काजल किन्नर एवं सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सोलंकी को भी नगर सीमा से बाहर ले जाकर अमानवीय तरीके से घेरा बनाकर कर निमर्मता पुर्वक पिटाई की गई। पुलिस द्वारा हिन्दू यूवक प्रकाश मईड़ा निवासी होमगार्ड कालोनी को उस रात में मारपीट की जिससे पुरे शरीर में सूजन चढ़ने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने मृतक के परिवार पर दबाव बनाया और बिना पोस्टमार्टम के ही अन्तिम संस्कार करवाया दिया। समग्र हिंदू समाज आग्रह करता है कि नगर के अतिसंवेदनशील मामले में अत्यंत गंभीरता पूर्वक त्वरित संज्ञान लेकर हिंदू त्योहार के समय निकल रहे चल समारोह पर पथराव कर सम्पूर्ण संवेदनशील घटना की स्थिति निर्मित करने वालो पर कठोर कार्रवाई की जाए।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा

रतलाम।

संगठन महापर्व के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उनके द्वारा सभी मंडल अध्यक्ष से उनके मंडलों में अब तक बने सदस्यों की वार्ड वार जानकारी ली गई और सभी को इस कार्य को गंभीरता से लेकर अधिक से अधिक सदस्य बनाकर रतलाम को टॉप 10 में लाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पांड़ेय, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, आईटी सेल प्रदेश सह संयोजक सोमेश पालीवाल, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्णा सोनी, विनोद यादव एवं मंडल महामंत्री राकेश परमार सहित पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि सभी लोग मतदाता सूची के क्रमानुसार सदस्य बनाने का काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। विधानसभा चुनाव में जिन लोगों ने वोट दिए और जो लोग नहीं दे पाए, ऐसे सभी लोगों तक पहुंचकर उन्हें सदस्यता दिलाना है। आमजन ही इसकी धूरी है। इस काम को अंजाम देने के लिए वार्ड कार्यकर्ता की सक्रियता बहुत जरूरी है। जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुनून से काम करें। हम सबको मिलकर रतलाम विधानसभा को नंबर एक बनाना है। आपके संकल्प से यह कार्य पूरा होगा। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी ने किया एवं आभार आईटी सेल प्रदेश सह संयोजक सोमेश पालीवाल ने माना।

भगवान श्री गणपति जी की आरती, अतिथियों का स्वागत कर प्रसादी वितरण की गई

रतलाम। श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पैलेस रोड रतलाम पर रात्रि 8 बजे आरती प्रारंभ की गई, आरती में आज के अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, समाजसेवी शेखर कांसवा, प्रवीण सोनी, समाजसेवी राकेश नाहर, रुपेश राठौर, राज मोदी, श्रैयांश मोदी, श्रेयांश कासवा, चार्ली कासंवा, रनिश नाहर मंदिर समिति के आग्रह पर आरती में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथि का स्वागत ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल, सचिन सिंह देवड़ा, रत्ना पाल, भगवान सिंह, देवेन्द्र राठोर, मुकेश व्यास, भुवनेश सिंह राठौर, अशोक मेहता, यश तिवारी, जय बैरागी द्वारा, किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रत्ना पाल एवं आभार जनक नागल द्वारा किया गया।

मंत्री काश्यप ने क्षमापना पर्व पर साधु-साध्वीगण के दर्शन-वंदन कर की क्षमा याचना

रतलाम। क्षमापना पर्व के चलते सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने शहर में स्थित जैन उपाश्रयों एवं स्थानकों पर विराजित जैन संत एवं साधु-साध्वी भगवंत के दर्शन-वंदन कर क्षमा याचना की। मंत्री श्री काश्यप द्वारा श्री देवसूर तपागच्छ चारथुई जैन श्री संघ के आगमोद्वारक भवन में आचार्य श्री नयचंद्र सागर जी म.सा. एवं आदि ठाणा, त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ नीम वाला उपाश्रय में अनंतगुणा श्रीजी म.सा. एवं आदि ठाणा, आराधना भवन में श्री कल्याण रत्नविजय जी म.सा. एवं आदि ठाणा, छोटू भाई की बगीची में साधुमार्गी जैन श्री संघ के हेमंत मुनिजी म.सा. एवं आदि ठाणा, तेरापंथ महासभा की पुण्य प्रभा श्रीजी म.सा. (बाड़मेर) आदि ठाणा एवं वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ नीम चौक में प्रियदर्शना श्रीजी म.सा. (बेरछा वाला) एवं आदि ठाणा के दर्शन-वंदन कर आशीष लिया और धर्म चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न संस्था, संगठनों ने मंत्री श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया। मुकेश जैन, प्रकाश मूणत, निर्मल लुनिया, जयवंत कोठारी, राजकमल जैन आदि उपस्थित रहे।

जैन श्वेतांबर खरतरगचछ श्री संघ द्वारा मणिधारी दादा गुरुदेव की जन्म जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई

रतलाम।

श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ श्री संघ के तत्वाधान में परम पूज्य मणिधारी दादा गुरुदेव श्री जिनचंद सुरेश्वरजी मसा की 884 जन्म जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई।

इस पावन अवसर पर प्रातः नवकारसी के पश्चात रथ यात्रा आनंद भवन उपाश्रय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से घूम कर श्री फूल कुंवर बाई उपाश्र- पर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। जहां पर परम पूज्य दादा गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन नवकारसी व दादा गुरुदेव पूजन के लाभार्थी परिवार सुरेंद्र सिंह, साहिल सिंह मेहता, अशोक चोपड़ा

कांतिलाल चोपड़ा, मनोहर छाजेड़ ने किया।

गुणानुवाद सभा में हेमंत बोथरा, अशोक चोपड़ा एवं कांतिलाल चोपड़ा ने दादा गुरुदेव की व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिनशासन की सेवा में उनके द्वारा किए गए महान योगदान का भाव पूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि 1,132000 नूतन जैन बनाकर जैनत्व प्रधान कर जैन संस्कारों में दीक्षित करने वाले दादा गुरुदेव के हमारे ऊपर अनंत उपकार है।

दादा गुरुदेव के बदौलत ही हमें जैन कुल प्राप्त हुआ है। सर्व समाज में एकत्व की भावना एवं प्राणी मात्र में के प्रति करुणा भाव का संदेश उन्होंने दिया है। इसके पश्चात राजेंद्र सिंह कोठारी ने भावपूर्ण स्तवन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर जैन श्वेतांबर खरतरगचछ संघ के अमित नाहटा परिवार की ओर से स्वर्गीय धीरज नाहटा राजेंद्र लोढ़ा की पावन स्मृति में श्री फूल कुवंरबाई उपसंहारे में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा संघ के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। गुरु दादा गुरुदेव के जन्म जयंती के प्रसंग पर अमृत सागर तालाब के किनारे स्थित दादावाड़ी में संगीतमय पूजन विचक्षण महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे। इससे पूर्व समाजजन का स्वामी वात्सल्य आनंद भवन

महापौर की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक संपन्न

श्री कालिका माता नवरात्री मेले में होंगे उच्च स्तरीय गरीमामयी कार्यक्रम, त्रिवेणी में बनेगा संत निवास

रतलाम।

महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में 3 से 12 अक्टूबर तक आयोजित श्री कालिका माता नवरात्री मेला आयोजन सहित अन्य जनहितैपी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

आयोजित महापौर परिषद की बैठक में नगर निगम द्वारा 3 से 12 अक्टूबर तक आयोजित किये जाने वाले 10 दिवसीय श्री कालिका नवरात्री मेले में प्रतिदिन रात्रि में नागरिकों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निगम के सांस्कृतिक मंच पर उच्च स्तरीय गरीमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाये जाने तथा मेले की अन्य विभिन्न व्यवस्थाऐं करवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर में आने वाले तथा त्रिवेणी मेला में रूकने वाले साधु संतो के ठहरने की व्यवस्था हेतु त्रिवेणी में संत निवास बनाये जाने की तकनीकि एवं प्रशासकीय स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा दी गई।

नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत ट्रॉफिक

व्यवस्था एवं रोड सौन्दर्यीकरण हेतु विभिन्न स्थानों पर रोड मार्किंग कार्य किये जाने की अल्प निविदा की पुष्टि के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत मुखर्जी नगर में निर्मित 96 एमआईजी फ्लेट क्रय करने हेतु नागरिकों द्वारा रूचि नहीं दिखाने से विगत 3.5 वर्षो में 2 फ्लेटों का ही विक्रय हुआ है वर्तमान में 94 फ्लेट रिक्त है। एमआईजी फ्लेट में से बी ब्लॉक के 12 फ्लेट नगर निगम के द्वितीय व तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को 5000 रूपये मासिक किराये पर दिये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई। किराये की राशि वेतन से कटौत्रा की जायेगी, फ्लेट विक्रय होने पर पर 15 दिवस में फ्लेट रिक्त करना होगा व विद्युत बिल की राशि किरायेदार स्वंय को वहन करना होगी।

आयोजित महापौर परिषद की बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल, महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, उपायुक्त करूणेश डण्डोतिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री मनीष तिवारी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

ओंकारेश्वर ग्राम डुहिक्या की महिलाओं ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर नगर परिषद पहुंचकर अध्यक्ष को सोपा ज्ञापन

ओंकारेश्वर (नि प्र)। नगर परिषद के ग्राम डुहिक्या नयापुरा की महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा मार्ग नहीं बने तथा नेताओं के द्वारा चुनाव के बाद से नहीं ग्राम की सुध लेने नही पहुंचने से आक्रोशित होकर कार्यालय पहुंची अध्यक्ष को मूलभूत सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सोपा ओंकारेश्वर वार्ड क्र 15 ग्राम पंचायत डुंकिक्या नयापुरा में रोड की गंभीर समस्यातथा वार्ड में सफाई .प्रकाश .व मूलभूत सुविधाएं की कमी को लेकर आक्रोशित महिलाएं नगर परिषद कार्यालय पहुंची अध्यक्ष को खरीद खोटी सुनाई तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए ज्ञापन सोपा ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं में मांगतीबाई .कंचन बाई .ममता बाई .अंगूरी बाई . रीना बाई .देवकी बाई सीमा बाई मंजू .राधाबाई के अलावा अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची अध्यक्ष श्रीमती मनीषा परिहार ने कहा साफ सफाई के लिए कर्मचारी पहुंचती हूं लाइट की व्यवस्था का भी शीघ्र निराकरण होगा पानी का टैंकर पहुंच रहा है मार्ग के संबंध में सीएमओ एवं कलेक्टर महोदय से चर्चा कर समस्या का शीघ्र निराकरण करवाऊंगी.

विश्व आत्महत्या निषेध दिवस बच्चों को किया गया जागरूक

बुरहानपुर। 10 सितम्बर, 2024 विश्व आत्महत्या निषेध दिवस के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान द्वारा निर्देशित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की श्रृंखला में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय बुरहानपुर में कार्यक्रम आयोजित रहा। राज्य आनंद संस्थान की ओर से जिला सम्पर्क व्यक्ति एवं आनंदम् सहयोगी श्री संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को जीवन का महत्व, शिक्षा, परीक्षा परिणाम, चिंता, उत्साह, आत्महत्या के कारण व इससे बचने के उपाय, प्रेरणादायी बातें, उज्जवल भविष्य आदि विषयों पर आवश्यक बाते बतलाकर बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर शाला की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती मंजुला पाटीदार सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आनंद संस्थान द्वारा संचालित अल्प विराम कार्यक्रम के तहत व्यक्ति के मन मस्तिष्क में व्याप्त अवसाद, दुख, चिंता, हताशा, पीड़ा, हीन भावना, निराशा, अनियंत्रित क्रोध, नशे की प्रवृति, संवादहीनता की स्थिति से व्यक्ति को बाहर निकालने हेतु पूर्व से ही अनेक गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में विश्व आत्महत्या दिवस पर इन गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है।

ग्राम सिंधखेड़ा में सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बुरहानपुर। मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नावरा द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा के अंतर्गत सिंधखेड़ा में सफाई मित्र (सफाई कर्मी) व ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर औषधियां वितरित की गई। शिविर में आयुष विभाग की टीम द्वारा वात रोग, उदर रोग, ज्वर, चर्म रोग, कास, प्रतिश्याय, रक्ताल्पता, स्त्री रोग आदि रोगों से ग्रस्त रोगियों की चिकित्सा व उपचार किया गया। शिविर से 83 रोगी लाभान्वित हुए।

विदित है कि कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार आयुष विभाग अपनी सेवाएं गांव-गांव तक पहुँचा रहा है। ग्रामीण ईलाकों, आदिवासी क्षेत्रों, फालयों तक आयुष औषधियाँ प्रदाय की जा रही है। ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, स्वच्छ एवं स्वस्थ्य जीवन शैली के उपाय भी बतलाये जा रहे है।

रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सूचना

बुरहानपुर। जीजामाता शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बुरहानपुर में रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुके है। प्राचार्य श्री दीपक शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि, संस्था स्तर की काउंसलिंग होना है। उन्होंने बताया कि मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट, सीएसई, सीई, एमई, एफटी इत्यादि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 11 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2024 तक किसी भी कियोस्क सेंटर अथवा संस्था में पंजीयन करवाना होगा। जिसके बाद 15 सितम्बर, 2024 को संस्था में एडमिशन हो सकेगा। इस शैक्षणिक सत्र का यह अंतिम अवसर है।

शिवराज सरकार ने निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ स्वीकृत किए थे एक करोड़ भेजे

मोहन सरकार ने 3 करोड़ राशि नहीं भेजी ठेकेदारों ने काम किया बंद

ग्रामीण एवं आदिवासियों में आक्रोश

ओंकारेश्वर (ललित दुबे)।

मध्य प्रदेश की तत्कालीन शिवराज सरकार के ने ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य जी मूर्ति अनावरण के दौरान चुनाव के पूर्व तत्काल 4 करोड रुपए विशेष निधि से स्वीकृत कर ओंकारेश्वर डुंहिक्या से तहसील कार्यालय तक सीसी रोड निर्माण एक करोड़ तथा टंट्या मामा प्रतिमा पेडेस्टाल .विद्युत लाइन शिफ्टिंग .एवं शबरी प्रशिक्षण केंद्र के लिए3 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे जिसमें सभी कार्यों के लिए तत्काल एक करोड रुपए की राशि विशेष निधि से नगर परिषद को दी गई थी विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए तत्काल नगर परिषद द्वारा ग्राम डुंहिक्या से सीसी रोड का निर्माण 50 लाख रुपए तथा अन्य कार्य 50 लाख रुपए में टेंडर निकालकर प्रारंभ कर दिए गए थे ठेकेदारों ने राशी अभाव में काम बंद कर दिया है शिवराज सरकार के बाद रुके निर्माणकार्य वर्तमान मोहन सरकार ने स्वीकृत किए चार करोड रुपए की शेष राशि का भुगतान अभी नहीं किए जाने से शेष कार्य अधर में लटके हुए हैं इसको लेकर ओंकारेश्वर में आदिवासी ग्रामीण बाहुल्य क्षेत्र की महिलाओं ने सीसी रोड निर्माण नहीं होने से आक्रोश देखा गया महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल ओंकारेश्वर नगर परिषद कार्यालय पहुंचा अध्यक्ष मनीष परिहार को ज्ञापन देखकर विधायक व सांसद तथा नगर परिषद अध्यक्ष को खरी खोटी सुनाई तथा रोड निर्माण की मांग की इसी प्रकार टंट्या मामा शबरी प्रशिक्षण केंद्र की शेष राशी आवंटित नहीं होने से आदिवासी में भी आक्रोश है सूत्रों ने बताया कि विशेष निधि से तत्कालीन सरकार ने आदिगुरु शंकराचार्य जी की मूर्ति अनावरण के दौरान तथा प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शिवराज सरकार ने 4 करोड रुपए स्वीकृत किए थे जिसमें टंट्या मामा मूर्तिका अनावरण तत्काल कर दिया एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग शबरी प्रशिक्षण केंद्र का कार्य किया गया जिसकी प्रक्रिया तत्काल कार्रवाई गई थी सीसी रोड निर्माण का टेंडर कुबेर कंस्ट्रक्शन सनावद के द्वारा टेंडर डाले गए थे तथा 50 लाख रुपए का कार्य कर दिया गया शेष कार्य राशि के अभाव में बंद किया है तो वही शबरी प्रशिक्षण केंद्र टंट्या मामा प्रतिमा के आसपास का निर्माण का कार्य तुलसी कंट्रक्शन खरगोन के द्वारा टेंडर डाले गए थे राशि के अभाव में ठेकेदार द्वारा काम बंद कर लाई गई सामग्री को यहां बेचकर वापस चला गया है तत्कालीन सरकार द्वारा स्वीकृत 4 करोड रुपए में शेष राशि के लिए विधायक एवं सांसद ने भी पहल नहीं की इसको लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ने लगा है तो वही प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा टंट्या मामा शबरी प्रशिक्षण केंद्र अन्य कार्यों के लिए चुनाव के दौरान की गई घोषणा अधूरी होने से भाजपा सरकार पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

भाजपा सरकार बदलने के बाद स्वीकृत राशि अभी तक निकाय को प्राप्त नहीं हुई है इसके लिए नगरी प्रशासन विभाग को पत्र भेज दिया गया है ।

मनीष परिहार
अध्यक्ष नगर परिषद
ओंकारेश्वर

ओंकारेश्वर में निर्माण कार्यों के लिए विशेष निधि से 4 करोड रुपए स्वीकृत हुए थे जिसमें 50-50 लाख रुपए के निर्माण कार्य विभिन्न निर्माण कार्यों में खर्च हुआ है शेष राशि निकाय में नहीं होने के कारण ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है इस हेतु परिषद से अनुमोदन कर शेष 3 करोड़ राशि के लिए अनुशंसा कर दी गई है।

संजय गीते नगर परिषद
ओंकारेश्वर

बुरहानपुर जिला युवा कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपा

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आवाहन पर बुरहानपुर जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में किसानों की फसल सोयाबीन के दाम 6000 रूपए प्रति क्विंटल किए जाने एवं उबैद उल्ला ने बताया के भाजपा के मेनिफेस्टो में गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपया और धान का मूल्य 3100 किया जाएगा

किंतु चुनाव जीतने के बाद भाजपा अपने वादों से मुकर गई और किसानों को धोखा दिया और मुख्यमंत्री जी ने रीवा में पंचायती राज सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में कहा था कि प्रदेश के किसानों की आय दुगनी कर दी गई है जो की सरासर झूठ है जबकि किसानों की आय 2015-16 की तुलना में घट गई है आज किसान आत्महत्या करने को मजबूर है किसानों के साथ कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के समर्थन में रहेगी इसको लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष उबैद उल्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागियअधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमे मध्य प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय सिंह रघुवंशी, कांग्रेस जिला शहर अध्यक्ष रिंकू टाक ,नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इकराम अंसारी गब्बू सेठ, महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत पूर्व निगम अध्यक्ष श्रीमती गौरी शर्मा, पार्षद इस्माइल अंसारी, पार्षद अब्दुल्ला अंसारी, सरपंच हेमंत पाटील, पार्षद इनाम अंसारी, पार्षद विनोद मोरे, पार्षद रईस मंसूरी, पार्षद मुज्जू मीर, पार्षद शाहिद पार्षद,जहीर अब्बास पार्षद, मुकेश महाजन, पार्षद कैलाश अशेरकर, शैली कीर, मुशर्रफ़ खान, रफीक गुल मोहम्मद, राजू महाजन ,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नजीर अंसारी,नितिन गवले,सुखलाल सिरसाट सचिन व्यास, गुलाम महबूब, निखिल खंडेलवाल, संजय चौकसे,, शेख रुस्तम, आशीष भगत राजेश भगत, नौशाद अहमद,जलीस अंसारी, रमेश सिरसाट ,हुजैर अंसारी ,जफर इकबाल, नुसरत अंसारी, गुलाम मनिहार, आदिल अंसारी ,शाहरुख खान, शरीफ तड़वी, तस्लीम खान, अमूल जोहरे, कमलेश इंगले, जुबेर अंसारी, रफीक खोखर आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे !!

सिकल सेल मरीजों के टीकाकरण हेतु एक दिवसीय शिविर संपन्न

बुरहानपुर। आज जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल से ग्रस्त बच्चों को सेकेण्डरी इन्केक्शन से बचाने के लिए एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग, स्क्रीनिंग के साथ-साथ उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। वैक्सीनेशन से बच्चों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी। आयोजित कैम्प में विभिन्न क्षेत्रों से आये 26 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। कैम्प के शुभारंभ अवसर पर बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, जनप्रतिनिधिगण, सीएमएचओ डॉ. राजेश सिसोदिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा। इस अवसर पर बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ने अपने संबोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। उन्होंने कहा कि सिकल सेल से ग्रसित मरीजों का नियमित फॉलोअप ले एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जाये। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निःशुल्क जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला 14 सितम्बर को

बुरहानपुर। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2024 को जिले के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु निःशुल्क जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य मेला जिला पंचायत बुरहानपुर परिसर में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित रहेगा। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने स्वास्थ्य मेला के सफल आयोजन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश सिसोदिया को नोडल अधिकारी व सिविल सर्जन डॉ प्रदीप मोजेस को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉ.दर्पण टोके (शल्य विशेषज्ञ), डॉ.आर्यन गढ़वाल (चिकित्सा अधिकारी), डॉ.तबरेज (डीआरपी चिकित्सक), डॉ.दीपक सहस्त्रे सहित अन्य चिकित्सक अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

समस्त विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम रहें

बुरहानपुर। त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से प्रमुख स्थलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने गणेशोत्सव अंतर्गत प्रतिमा विसर्जन हेतु हतनूर पुल, छोटा ताप्ती पुल व राजघाट स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने समस्त विसर्जन स्थलों पर टेंट, लाईट, साउंड, घाटो की साफ-सफाई, स्टॉपर की व्यवस्था, होमगार्ड जवानों की ड्यूटी, क्रेन, बैठक व्यवस्था, बोट व्यवस्था सहित इत्यादि तैयारियाँ पहले से ही करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि, सभी घाटो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम रहे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, सभी अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहकर अपने कार्य-दायित्वों का निर्वहन करें। यह सुनिश्चित किया जाये कि आवागमन प्रभावित ना हो, नागरिकों को जागरूक किया जाये। कलेक्टर ने पहुँच मार्ग के समतलीकरण एवं मरम्मत करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। वहीं विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि, निर्बाद्ध रूप से व्यवस्थाएं संचालित रहें। इसी कड़ी में ईद-मिलाद-उन-नबी बरावफात हेतु उतावली नदी स्थल पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने यहां समतलीकरण, साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, साउंड, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थायें करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अर्चना चिटनिस ने किया सिकल सेल एनीमिया टीकाकरण शिविर का शुभारंभ

बुरहानपुर। बुधवार को जिला चिकित्सालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सिकल सेल एनीमिया टीकाकरण शिविर का विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने शुभारंभ किया। शिविर में 63 से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीज जिले में भी है। सिकल सेल एक गंभीर बीमारी है और ज्यादातर जनजातीय (आदिवासी) समुदाय के लोगों में देखी गई है। बुरहानपुर में भी सिकल सेल के सैकड़ों मरीज है। इलाज के लिए उन्हें इंदौर या बाहर जाना पड़ता था। लेकिन अब चयनित मरीजों का उपचार बुरहानपुर में ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सिकल सेल मिशन लांच किया था। उनका संकल्प है कि सिकल सेल एनीमिया मुक्त हमारा भारत देश हो। इस अभियान के तहत बीमारी की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर लगाकर इलाज किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि इस बीमारी को इलाज के जरिए जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। लेकिन रोकथाम कर सकते है। इसके लिए मरीज को समय-समय पर खून चढ़ाना होता है। थैलेसीमिया-निमोनिया के मरीजों को टीके लगाए जाते है। आज बुरहानपुर जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित कर जिलेभर से चयनित मरीजों को लाकर यहां टीकाकरण किया जा रहा है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि शिविर आयोजित करने के पूर्व जिलेभर में स्क्रिनिंग कर मरीजों का चयन करते हुए, इसी प्रकार शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा मरीजों को चिन्हित कर टीकाकरण और औषधि उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 17 सितंबर 2024 से जिला चिकित्सालय परिसर में ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर के अवसर पर जनऔषधि केन्द्र शुरूआत करने की घोषणा की।

शिविर में कलेक्टर भव्या मित्तल, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश सिसौदिया, सिविल सर्जन प्रदीप मोसेज, डॉ.गौरव थावानी, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता नरहरी दीक्षित, संभाजीराव सगरे, डॉ.दीपक वाभले सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित रहे।

दिल के अरमां आसूंओं में बह गए

आंखों से आंसू तब ही छलकते हैं जब या तो किसी व्यक्ति द्वारा हमें व्यथित किया हो, किसी की पीड़ा को देखा हो, कोई खुशी मिलती है ,किसी अपने के मिलने अथवा बिछुड़ने की घड़ी में आंखें छलक जाना स्वाभाविक है।मगर एक नई घड़ी का अभी अभी पता चला जो मुझे भी भीतर तक दु:खी कर गया!वह प्रसंग यह कि हरियाणा में विधानसभा के चुनावों में कई नेताओं को दोनों पार्टियों ने चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया जिनको टिकट नहीं मिला उनकी आंखों में आसूं छलक पड़े वह भी टेलीविजन के कैमरे के सामने!नतीजा यह हुआ कि अच्छी खासी खबर हो गई!

सबसे आश्चर्य की बात तो यह थी कि ऐसे निराश नेताओं की संख्या अनगिनत थी!ऐसे में सवाल तो यह उठता है कि आखिर यह दर्द का सैलाब आया क्यों?कहते हैं कि राजनीति लोक सेवा है!तो लोक सेवा तो आप बिना पद के भी कर सकते हैं!ऐसे कई साधु संत हैं कई नेता हैं जो पद नहीं लेते मगर जन सेवा में जीवन गुजार दिया।महात्मा गांधी, विनोबा भावे ,मदर टेरेसा ,बाबा आमटे, मेधा पाटकर जैसे अनेक महान लोगों ने यह सिद्ध कर दिया है।

इसके पीछे के कारणों के बारे में विचार करें तो पाते हैं कि ऐसे नेताओं का मुख्य उद्देश्य राजनैतिक पद लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना,विधायक, मंत्री बनकर भ्रष्ट आचरण से अकूत संपत्ति अर्जित करना, वी आई पी बनकर समाज में दबदबा कायम करना,सरकारी जमीनों को हड़पना या ओने पोने दाम पर हथियाना!राजसी ठाठ बरकरार रखना,जाति खाप पंचायतों में अपना रोब जमाना इत्यादि इत्यादि!इनके दिल में यह अरमान पहले से ही या तो पनपे रहते हैं जिनके असफल होने पर ही आंखों में आसूं आए हैं!

कांग्रेस हो भारतीय जनता पार्टी दोनों ही दलों के दिग्गज नेता इस बात को गाहे ब गाहे कहते पाए जाते है कि हमारे दल में अनुशासन है और जिस कार्यकर्ता को दायित्व सौंपा जाता है वह उसे वह सहर्ष बहुत ही मनोयोग और ईमानदारी से निभाता है!फिर हरियाणा में इन दावों का खोखला पान क्यों देश के सामने आया?इसका मतलब तो यह है कि आप की कथनी और करनी में अंतर है?भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का संकल्प देश के यशस्वी ईमानदार प्रधानमंत्री श्री मोदी जी अक्सर अपने संबोधनों में करते है उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा भी है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा!क्या उनकी भाषा ऐसे स्वार्थी लोग समझते नहीं या समझना नहीं चाहते?देश को जिस पायदान पर आज मोदी जी लाकर खड़ा कर दिया है वाकई में वह काबिल ए तारीफ है!मेरे विचार से ऐसे लोगों का दर्द छलकना देश हित में ही माना जाएगा।दिल के अरमां आसूंओं में बह गए गजल यहां याद आती है!

किसी ने सही कहा है कि राजनीति अब सेवा नहीं व्यवसाय हो गया है लोग अपनी संपत्ति बेच कर टिकट ले लिया करते थे और पद पाते ही उससे सौ गुना संपत्ति अर्जित कर लिया करते थे।मगर जब से मोदी जी आए हैं ऐसे नेताओं की सेहत या तो बिगड़ गई है या तस्वीरों पर माला चढ़ गई है!जो लोग चालाकी से बेनामी संपत्तियां अर्जित कर खुश हो रहे हैं उन्हें भी देर सवेर अपने आंसू बहाना ही पड़ सकते हैं!क्यों कि ई डी,सी बी आई आदि संस्थाएं अपनी पैनी दृष्टि से सब देख रही है!!तो तैयार रहें आंसू बहाने के लिए !अब यह निर्भर करेगा कि आंसू खुशी के होते हैं या स्वप्न टूटने के?

पंकज शर्मा तरुण
मोती महल गायत्री नगर
पिपलिया मंडी जिला मंदसौर (म. प्र.)

कटाक्ष

महंगाई का बोझ

टूटी है कमर महंगाई का बोझ उठाने में
आम आदमी जिंदा है फिर भी इस ज़माने में

चीजों में मिलावट है व्यापारी में गुर्राहट है
अब कौन उसे यहां पकड़े किस क़ानून में जकड़े

स्वयं लगा है क़ानून भी यहां कमाने में
टूटी है कमर महंगाई का बोझ उठाने में

देखिए इस दफ्तर में बाबू और अफसर में
कौन कितना खाते हैं मिलकर दोनों कमाते हैं

दोनों में ही होड़ लगी है ऊपर का खाने में
टूटी है कमर महंगाई का बोझ उठाने में

ये सरकारी अस्पताल इनका न तो पूछिये हाल
जो यहां पर आता हैं बीमार होकर जाता हैं

यमराज की करते मदद वहां तक पहुंचाने में
टूटी है कमर महंगाई का बोझ उठाने में

कानून का पहरेदार है कंस का अवतार
अपना फर्ज निभाता हैं धारा में फंसाता हैं

रक्षक ही लगा हुआ है घर को आग लगाने में
टूटी है कमर महंगाई का बोझ उठाने में

रमेश मनोहरा
शीतला माता गली जावरा (म.प्र.)
457226, जिला रतलाम
मो. 9479662215

राहुल की विदेश यात्रा, भाजपा के लिए दो धारी तलवार...फायदा भी नुकसान भी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के विदेश पहुंचते ही बीजेपी नेता उन पर हमलावर हो जाती हैं। भाजपा की ओर से इन यात्राओं पर तीखी प्रतिक्रियाएं यह संकेत देती हैं कि पार्टी राहुल की विदेश यात्राओं से किस तरह महसूस करती है। यह सत्य है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के विरोध में कई बार ऐसी बातें कह जाते हैं, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी होती है। हालांकि राहुल की यात्राओं से बीजेपी को फायदा भी होता है।

राहुल गांधी ने टेक्सास में नौ सितंबर को सुबह दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान राहुल गांधी अपनी पूर्ववर्ती यात्राओं की तरह इस यात्रा में बीजेपी और आरएसएस पर हमलावर रहे। राहुल गांधी ने कहा बीजेपी भारत के संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का डर समाप्त हो गया है। राहुल गांधी के भाषण के पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी का परिचय इस तरह कराया था कि वे पप्पू नहीं है। भाजपा ने इस बात को लपक लिया। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा है, कल्पना कीजिए कि कोई राहुल गांधी का परिचय इस तरह से करा रहा हो कि वे पप्पू नहीं हैं और सैम पित्रोदा ने यह कर दिखाया है।

1. भाजपा का आरोप राहुल गांधी के पास नेतृत्व की क्षमता का अभाव

भाजपा अक्सर तर्क देती है कि राहुल गांधी के पास नेतृत्व की क्षमता का अभाव है और वे देश की समस्याओं को हल करने में सक्षम नहीं हैं। लेकिन जब राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपने विचारों को स्पष्ट और तार्किक ढंग से रखते हैं, तब लोगों के मन में बैठा बीजेपी का नैरेटिव कमजोर पड़ता है। जिस देश में अंग्रेजी बोलने वाले को बुद्धिमान और योग्य समझा जाता है, उस देश के लोग जब किसी को विदेशी विश्वविद्यालयों में बोलते हुए सुनते हैं तब लगता है कि यह कोई बड़ा बुद्धिमान शख्स ही होगा। राहुल गांधी को पप्पू समझने वाले लोगों का भ्रम शायद दूर न हो जाए।

2. विदेशी मीडिया में बीजेपी और आरएसएस पर बयान से सरकार परेशान

राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान केवल भारतीय प्रवासियों से

ही नहीं मिलते, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विश्वविद्यालयों और प्रमुख लोगों के साथ भी मिलते हैं। इस दौरान जब राहुल गांधी विदेशी मीडिया में मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हैं, तब यह भाजपा के लिए एक चुनौती बन जाता है।

3. राहुल की बढ़ती वैश्विक पहचान से परेशान बीजेपी

राहुल गांधी का भारत में एक मजबूत विपक्षी नेता के रूप में उभरना और उनकी विदेश यात्राओं के दौरान सार्वजनिक भाषणों की लोकप्रियता भाजपा के लिए परेशानी का सबक है। जब वे राहुल विदेश में भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करते हैं या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की समस्याओं पर बात करते हैं, वे एक प्रभावशाली वैश्विक नेता के रूप में उभरते हैं।

भाजपा, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार, वैश्विक स्तर पर अपनी छवि को लेकर बेहद संवेदनशील है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की ताकत और विकास की कहानी को सामने रखा है। इसके बाद राहुल गांधी का विदेशों में जाकर भारतीय लोकतंत्र, मानवाधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर खुलकर बोलना भाजपा को परेशान करता है। दूसरे कांग्रेस राहुल गांधी के इन विदेश यात्राओं के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी के विकल्प के रूप में पेश करती है।

4.राहुल की यात्राओं से विपक्ष में बढ़ता कद

राहुल गांधी के विदेश दौरों से विपक्षी दलों में उनका कद बढ़ता है। कांग्रेस जानती है कि देश में अभी पूर्ण बहुमत लेकर सरकार बनाना काफी कठिन है। सहयोगी दलों के साथ ही मिलकर भविष्य में बीजेपी को सत्ता से हटा सकते है। वहीं विपक्ष में भी बहुत से लोग हैं जिन्हें राहुल गांधी पर पीएम पद संभालने लायक योग्यता नहीं दिखती है। राहुल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और उनके विदेश दौरों के दौरान बढ़ती लोकप्रियता के कारण, विपक्षी दलों को एक स्पष्ट संकेत मिलता है कि राहुल गांधी मोदी सरकार के खिलाफ एक मजबूत नेतृत्व कर सकते हैं। जाहिर है कि राहुल के नेतृत्व में विपक्ष का एकजुट होना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती की तरह है।

5. नई पीढ़ी से राहुल गांधी का जुड़ाव भी है बीजेपी के लिए चिंता का कारण

राहुल गांधी की विदेश यात्राओं का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वह वहां पढ़ने और काम करने वाले भारतीय युवाओं से जुड़ते हैं। इन युवाओं के विचार और दृष्टिकोण वैश्विक होते हैं, और वे भारतीय राजनीति में पारंपरिक सोच से इतर बदलाव की उम्मीद करते हैं। राहुल का युवा भारतीय प्रवासियों के साथ जुड़ाव उन्हें एक प्रगतिशील और आधुनिक नेता के रूप में प्रस्तुत करता है।

अतिथि शिक्षकों से शिक्षा मंत्री ने कहा भूल जाओ महापंचायत की घोषणाओं को

भोपाल में मांगों को लेकर जुटे थे दस हजार से ज्यादा शिक्षक

इंदौर। राजधानी में आंदोलन कर रहे अतिथि शिक्षकों की सरकार के साथ बैठक विफल हो गई है। सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों पर पहले तो पुलिस ने लाठियां भांजी और फिर एक प्रतिनिधिमंडल को स्कूल शिक्षा मंत्री से मिलने की इजाजत दी। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने साफ कहा कि दो सितंबर 2023 को, अतिथि शिक्षक महापंचायत भोपाल में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणाओं को भूल जाओ।

अतिथि शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी पवार और बीएम खान ने कहा कि हम स्कूल शिक्षा मंत्री से मिले। वहां लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी मौजूद थे। हमारी एक ही मांग थी कि साल 2023 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विभागीय परीक्षा को लेकर नियमित करने की घोषणा की थी। हम इसका आदेश मांगने आए थे। मंत्री ने कहा कि हम उस घोषणा को भूल जाएं।

उल्लेखनीय है कि 2 सितंबर 2023 को मध्य प्रदेश के तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षक महापंचायत भोपाल में कहा था कि अभी पीरियड के हिसाब से मानदेय देने की व्यवस्था है। अब महीने के हिसाब से वेतन दिया जाएगा। साल के बीच में कोई गैप नहीं होगा। ना तो किसी अतिथि शिक्षक की सेवा समाप्त की जाएगी और ना ही फिर से कोई नियुक्ति होगी।

एक साल के लिए पूरा अनुबंध होगा, जो हर साल आगे बढ़ाया जाएगा। अभी तक अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के लिए 25फीसदी का आरक्षण था। अब उसे 50फीसदी किया जाएगा। यह सभी घोषणाएं तत्काल लागू होंगी।

मंगलवार को भोपाल में दस हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षकों ने भारी बरसात के बीच में प्रदर्शन किया जो पूरे भारत की हेडलाइंस बन गया था। स्कूल शिक्षा मंत्री के साथ बैठक सफल होते ही आंदोलन खत्म कर दिया गया।

केसी पवार ने कहा कि हम आगे की रणनीति बनाएंगे। यहां बताना जरूरी है कि प्रदेश सरकार की ओर से अतिथि शिक्षकों के प्रदर्शन और मांगों को लेकर किसी भी प्रकार का कोई बयान, कोई प्रतिक्रिया, कोई संक्षिप्त संदेश भी जारी नहीं किया है।

अभी से मिशन 2028-29 की तैयारी में जुटी भाजपा

अब बूथ स्तर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

इंदौर। मप्र में विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में मिली भारी जीत से भाजपा सरकार कॉन्फिडेंस में है। पार्टी का अभी से 2028-29 के चुनाव पर फोकस है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजन डॉक्यूमेंट 2028 तैयार करने के निर्देश दिए है। विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की गाइडलाइन कलेक्टरों तक पहुंची है। विजन डॉक्यूमेंट 2028 विधानसभा वार तैयार किया जाएगा। वहीं वोट बैंक बढ़ाने पर भी फोकस है। इसके लिए महिलाओं के रुझान से अपनी सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही भाजपा मध्य प्रदेश में अब बूथ स्तर पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर फोकस कर रही है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव को लेकर सारे अनुमान तब ध्वस्त हो गए थे, जब परिणाम एकतरफा भाजपा के पक्ष में आए। इसकी बड़ी वजह महिलाओं का बड़ा समर्थन मिलना माना गया। इसमें केंद्र से लेकर प्रदेश सरकार तक की कई योजनाओं के साथ बड़ी भूमिका लाड़ली बहना योजना की भी मानी गई। ऐसे में पार्टी ने संगठन पर्व के तहत जारी सदस्यता अभियान का रुख भी महिलाओं को बड़ी संख्या में पार्टी से जोड़ने पर मोड़ दिया है। लोकसभा और राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने और महिलाओं को आरक्षण संबंधी कानून बनने के बाद उन्हें लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जबकि अब तक किसी राजनीतिक दल ने 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिया। ऐसे में भाजपा का जोर अधिक से अधिक महिला सदस्य बनाने पर है।

हर बूथ पर 30 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य

भाजपा हर बूथ पर 30 प्रतिशत से अधिक सदस्य बनाएगी। पार्टी के रणनीतिकार संभागीय स्तर से लेकर नीचे तक कार्यकर्ताओं को समझा रहे हैं कि 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हो सकते हैं, इसलिए अधिक से अधिक महिला सदस्य बनाकर महिला नेतृत्व को मजबूत करना है। मध्य प्रदेश में इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में पिछली बार 98 लाख सदस्य तो बनाए लेकिन उसमें महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। इस वर्ष भाजपा डेढ़ करोड़ सदस्यों में 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रखेगी। हर जिले में महिला मोर्चा से कहा गया है कि वे कम से कम एक लाख सदस्य अपने जिले से बनाएं। प्रदेश में बीते 15 वर्ष में गठित तीन विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या का विश्लेषण करें तो वर्ष 2013 में गठित 14वीं विधानसभा ही ऐसी थी, जिसमें कुल 230 सदस्यों में महिला विधायकों की संख्या 32 यानी लगभग 14 प्रतिशत थी। यह संख्या 15वीं विधानसभा (वर्ष 2018) में घटकर नौ प्रतिशत यानी महिला विधायकों की संख्या घटकर 21 हो गई थी। 2008 में 24 महिला विधायक थीं। यह 2024 में बढकर 27 यानी 12 प्रतिशत हो गई।

महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही

मप्र में स्थानीय सरकार में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पंचायत और नगरीय निकाय जैसी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 50 प्रतिशत महिला आरक्षण दिया है, लेकिन यहां 60 प्रतिशत महिलाएं चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यही स्थिति नगर निगमों की है। प्रदेश के 16 नगर निगमों में नौ महिला महापौर हैं। मप्र भाजपा की प्रवक्ता नेहा बग्गा का कहना है कि भाजपा ने महिलाओं को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त किया है।

कैलाश विजयवर्गीय बने मुख्य सचेतक

इन्दौर। केबिनेट मंत्री और इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से विधायक कैलाश विजयवर्गीय भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की नवगठित कार्यकारिणी में मुख्य सचेतक नियुक्त किए गए हैं।

डा. मोहन यादव को दल का नेता नियुक्त किया गया है, जबकि ओमप्रकाश धुर्वे उप नेता होंगे। कार्यकारिणी में 9 पदाधिकारी और 16 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 4 आदिवासी और 2 अनुसूचित जाति के विधायक भी शामिल हैं।

कार्यकारिणी में विधायक शैलेंद्र जैन को महामंत्री, रीति पाठक और रामेश्वर शर्मा को सचेतक, अनुसूचित जाति वर्ग से विधायक हरिशंकर खटीक और संजय सत्येंद्र पाठक मंत्री बनाए गए हैं, वहीं हेमंत विजय खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

कार्यकारिणी में विधायक गोपाल भार्गव, जयंत मलैया, नागेंद्र सिंह नागोद, जयसिंह मरावी (अजजा), मीना सिंह(अजजा), डा. सीतासरन शर्मा, भूपेंद्र सिंह, अजय बिश्नोई, ओमप्रकाश सखलेचा, डा. राजेंद्र पांडेय, दिव्यराज सिंह, उमाकांत शर्मा, मंजू राजेंद्र दादू (अजजा), रमेश प्रसाद खटीक(अजा), जगन्नाथ रघुवंशी और अमरीश शर्मा सदस्य बनाए गए हैं।

संघ के अनुशांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक 13 से इंदौर में

इंदौर। आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की तीन दिनी बैठक इंदौर में 13 सितंबर से होने जा रही है। इसमें 200 पदाधिकारी शामिल होंगे और संगठनों की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करेंगे।

अगले साल आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।इस लिहाज से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बीते दो साल से संघ के अनुषांगिक संगठनों ने कई गतिविधियां देशभर में संचालित कीं। अयोध्या में राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर में माहौल बना। आरएसएस से जुड़े संगठनों ने इसके लिए कई आयोजन किए। अगले साल भी संघ इन संगठनों की माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा हिस्सेदारी करेगा। इसकी रणनीति समन्वय बैठक में बनेगी। लोकसभा चुनाव के बाद समन्वय विभाग की अखिल भारतीय स्तर की यह पहली बैठक है। बैठक में केंद्रीय स्तर के कुछ पदाधिकारी शामिल होंगे, जबकि देशभर से 200 से ज्यादा पदाधिकारी आएंगे। भाजपा के कुछ पदाधिकारी भी बैठक का हिस्सा हो सकते हैं। पांच साल पहले भी यह बैठक बायपास के एक गार्डन में हुई थी। इस बार यह बैठक बायपास स्थित अग्रसेन भवन में होगी।

सामाजिक समरसता बढ़ाने पर फोकस-आरएसएस अपने स्थापना के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में कोई बड़ा आयोजन नहीं कर रहा है। संघ मालवा प्रांत में सबसे मजबूत है। वर्षगांठ के मौके पर इंदौर में राऊ स्थित स्कूल में एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल हो सकते हैं। संघ इस साल भी सामाजिक समरसता और समाजों में पैठ बनाने पर फोकस करेगा, ताकि समाज के लोग संघ की विचारधारा से जुड़ सकें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com